

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 06 अगस्त 2025 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष -41 ■ अंक-130 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 07 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112







## संक्षेप

### पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के घर चोरी

**सरगुजा,6 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता टीएस सिंहदेव के घर को चोरों ने निशाना बनाया है. चोरों ने आंगन में लगी पीतल से बनी हाथी की मूर्ती पर हाथ साफ कर के फरार हो गए हैं. कोतवाली पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है. जानकारी के मुताबिक, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंघदेव के कोठीघर कैंपस में मंगलवार रात को चोरो ने धावा बोल दिया. चोरों ने बरामदे में लगी 15 किलो वजनी पीतल से बनी हाथी की मूर्ति को चोरी कर लिया और फरार हो गए. घटना के बाद थाने में इसकी शिकायत की गई है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के घर चोरी की घटना का एक्सक्लूसिव सीसीटीवी फुटेज लल्लूराम डॉट कॉम के पास आया है. इस फुटेज में चोर उनके बंगले में प्रवेश करते नजर आ रहा है. बताया जा रहा है कि घटना के दौरान केवल सुरक्षाकर्मी और नौकर मौजूद थे. घर के रिनोवेशन के दौरान ऐसी दो मूर्तियां बरामदे में लगाई गई थी, जिसमें से एक पर चोरों ने हाथ साफ किया है.

### महादेव सट्टा एप से जुड़े गोविंद केडिया की जमानत याचिका खारिज

**बिलासपुर,6 अगस्त।** महादेव सट्टा ऐप मामले से जुड़े शेयर ब्रोकर गोविंद केडिया की जमानत याचिका खारिज हो गई है. आरोपी गोविंद केडिया ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से उच्च न्यायालय में याचिका लगाई थी. जिस पर 24 जुलाई को सुनवाई होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया था. 24 जुलाई को हुई सुनवाई में ईडी के वकील सौरभ कुमार पांडे ने अपनी जिरह की थी. वहीं जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसके बाद मंगलवार को फैसला सुनाया गया है. याचिकाकर्ता के अधिवक्ता किशोर भादुड़ी से मिली जानकारी के अनुसार, जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने मामले में सभी पक्षों को सुनने के बाद आरोपी गोविन्द केडिया की याचिका खारिज कर दी है. ईडी के अनुसार, केडिया महादेव बेटिंग एप के प्रमोटरों में से एक है, और प्रमुख आरोपी विकास छापरिया से संबंध है. 7 दिसंबर 2024 को रायपुर स्थित विशेष पीएमएलए कोर्ट में गोविंद केडिया को पेश कर ईडी ने रिमांड पर लिया था.

# उत्तराखंड में जल प्रलय से तबाही जवानों ने बचाई सैकड़ों जिंदगियां



**नैनाताल,6 अगस्त।** धराली की तबाही के बाद सभी रास्ते बंद हो गए, लेकिन सेना और आईटीबीपी के जवान मोर्चा संभाले हुए हैं। 25 फीट ऊंचे मलबे में फंसे ग्रामीणों तक पहुंचने के लिए रास्ता बनाया जा रहा है। राहत अभियान में सेना की पूरी ताकत झोंक दी गई है। बादल फटने के कहर के बाद जब हर तरफ मलबा, तबाही और चीखें थीं, तब सेना लोगों के लिए उम्मीद बनकर सामने आई। आईटीबीपी और आर्मी के जवानों ने अस्थाई पुल बनाने की कोशिश शुरू की है, ताकि गांव में फंसे 200 लोगों तक राहत पहुंचाई जा सके। उत्तरकाशी की आपदा में सेना और राहत दल दिन-रात डटे हुए हैं। मलबे में दबी ज़िंदगियों को बचाने के लिए सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ जैसे दल पूरी ताकत से मैदान में हैं। हर पल की निगरानी आपदा कंट्रोल रूम से की जा रही है आईटीबीपी और आर्मी के जवान धराली में बीच गांव में फंसे ग्रामीणों तक पहुंचने के लिए वहां करीब 25 फीट ऊंचे मलबे में रास्ता बनाने की कोशिश कर रहे हैं। अस्थाई पुलिया बनाने का प्रयास किया जा रहा है। गांव में करीब 200 लोग भी फंसे है।

### हिमाचल के किन्नौर में लैंडस्लाइड

पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार रात से जारी भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। किन्नर कैलाश यात्रा पर गए दो श्रद्धालुओं की बाढ़ में बहने से मौत हो गई। अचानक आई बाढ़ से किन्नर कैलाश यात्रा रूट पर दो पुल बह गए। बाकी का रास्ता भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण यात्रा रोक दी गई है। कई श्रद्धालु फंसे हुए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस की टीम ने जिपलाइन की मदद से 413 तीर्थयात्रियों को बचाया है।उत्तराखंड में बुधवार को भी भारी बारिश जारी है। पौड़ी जिले में बादल फटा है। यहां के बुरांसी गांव में मलबा गिरने से दो महिलाएं दब गईं। इनमें से एक महिला का शव बरामद हो चुका है, जबकि दूसरी की तलाश जारी है।

# एनटीपीसी सीपत में बड़ा हादसा, 2 की मौत

### मेंटेनेंस के दौरान टूटा प्री-एयर हीटर प्लेटफॉर्म, कई मजदूरों के दबे होने की आशंका

**बिलासपुर,6 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जिले के सीपत स्थित एनटीपीसी प्लांट से एक बड़ी और चिंताजनक खबर सामने आ रही है। यहां यूनिट-5 में एनुअल मेंटेनेंस के दौरान बड़ा हादसा हो गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब प्री एयर हीटर प्लेटफॉर्म पर मेंटेनेंस का कार्य चल रहा था। इसी दौरान प्लेटफॉर्म का एक हिस्सा अचानक टूटकर गिर गया, जिससे नीचे काम कर रहे मजदूर चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त कई मजदूर प्लेटफॉर्म पर कार्यरत थे। अनुमान है कि करीब 5 से 6 मजदूर मलबे में फंसे हुए हैं, जबकि 2 से 3 मजदूरों की मौत की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अभी तक किसी की आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की गई है। राहत और बचाव कार्य जारी है, और एनटीपीसी प्रबंधन के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन भी मौके पर पहुंच चुका है। हादसा बॉयलर मेंटेनेंस विभाग के अंतर्गत हुआ है, जहां हर वर्ष एनुअल मेंटेनेंस का काम किया जाता है। इस प्रक्रिया के तहत मशीनों की मरम्मत, प्लेटफॉर्म की सफाई और तकनीकी जांच की जाती है। लेकिन इस बार सुरक्षा मानकों में चूक या तकनीकी खामी के चलते यह गंभीर हादसा हो गया। मौके पर एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और सुरक्षा बल तैनात हैं। घायलों को निकटतम अस्पताल भेजने की प्रक्रिया तेज़ी से चल रही है। घटना को लेकर कर्मचारियों में दहशत का माहौल है, और परिजन भी घटनास्थल के बाहर एकत्र होने लगे हैं। हादसे की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति के गठन की संभावना जताई जा रही है।






# छत्तीसगढ़ की बेटी ने जापान में लहराया परचम, मुख्यमंत्री साय ने दी बधाई

**रायपुर 6 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता सुश्री नमी राय पारेख ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय को रायपुर निवासी सुश्री नमी राय पारेख ने बताया कि 05 से 13 जुलाई तक जापान के हिमेजी में एशियन पॉवरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इस चैंपियनशिप में उन्होंने 57 किलोग्राम डेडलिफ्ट वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सुश्री नमी राय पारेख को एशियन अफ्रीकन पैसिफिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपने अपनी मेहनत और समर्पण से छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है। प्रदेश की बेटियों को आपकी उत्कृष्ट उपलब्धि से प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर श्री अंजय शुक्ला, श्री अंजिनेश शुक्ला, श्री सनी पारेख सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

### जनधन खाताधारक 30 सितंबर तक करवा सकते हैं दोबारा केवाईसी : आरबीआई

**नई दिल्ली,6 अगस्त।** आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को घोषणा की कि केंद्र के आर्थिक भागीदारी कार्यक्रम प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के 10 वर्ष पूरे होने के साथ बड़ी संख्या में योजना से जुड़े खातों को दोबारा केवाईसी अपडेट की आवश्यकता हो गई है।उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 1 जुलाई से 30 सितंबर तक पंचायत स्तर पर जन धन योजना खाताधारकों के दोबारा केवाईसी के लिए शिविर आयोजित कर रहे हैं।

# बिलासपुर-रायपुर मार्ग की बदहाली पर हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

**बिलासपुर,6 अगस्त।** बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे की बदहाली को लेकर मंगलवार को सुनवाई हुई. नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट मैनेजर कोर्ट के आदेशानुसार सड़क मार्ग से होते हुए व्यक्तिगत रूप से हुए कोर्ट में उपस्थित हुए. चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने मैनेजर को 3 सप्ताह में शपथपत्र में यह बताने को कहा कि नेशनल हाईवे कब तक सुधार देंगे. बता दें कि सोमवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने नेशनल हाइवे की खराब सड़कों की मरम्मत नहीं किए जाने को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया की थी. चीफ जस्टिस ने नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस जारी कर इसी सड़क मार्ग से होते हुए कोर्ट में तलब किया था. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि, बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाइवे प्रदेश का महत्वपूर्ण हाइवे है. यह प्रदेश की राजधानी और न्यायधानी को सीधे तौर पर आपस में जोड़ ता है. बिलासपुर और आसपास के जिलों तथा सरगुजा संभाग जाने के लिए बस्तर संभाग और रायपुर संभाग के लोग इस सड़क का इस्तेमाल करते हैं. महात्वपूर्ण सड़क होने के बावजूद इसके रखरखाव में नेशनल हाईवे अथॉरिटी लगाकर लापरवाही बरत रही है. कोर्ट ने एनएच के वकील से पूछा था कि आप तो अक्सर रायपुर जाते होंगे. आपने इस सड़क की स्थिति देखी होगी. नेशनल हाईवे वाले जो थोड़ा बहुत मेंटेनेंस करते हैं, सड़क पर स्टॉपर लगते है वे बेतरतीब, लावारिस हालत में सड़क पर पड़े हैं और हादसों का कारण बन रहे हैं.

# मोदी ने कर्तव्य भवन-3 का किया उद्घाटन,कई विभाग होंगे शिफ्ट

**नई दिल्ली,6 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर नवनिर्मित कर्तव्य भवन-03 का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कर्तव्य भवन-03 के निर्माण से संबंधित एक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया, जिसमें भवन की आधुनिक विशेषताओं को प्रदर्शित किया गया है और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए निर्मित भवन के पहलुओं पर प्रकाश डाला गया है। इस अवसर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बताया कि यह भवन 1.5 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है और इसमें कुल 850 कार्यालय कक्ष हैं। भवन में दो बेसमेंट और भूतल सहित सात मंजिलें हैं। यह भवन सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत बनने वाले दस कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरियट भवनों में से पहला है। शेष भवनों का निर्माण कार्य 31 दिसंबर 2025 तक पूरा किया जाएगा और सभी मंत्रालयों का स्थानांतरण 30 अप्रैल 2026 तक कर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाना, मंत्रालयों के बीच समन्वय बढ़ाना तथा नीति क्रियान्वयन को तेज करना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कई प्रमुख मंत्रालय 1950 और 1970 के दशक के बीच निर्मित पुराने भवनों जैसे कि शास्त्री भवन, कृषि भवन, उद्योग भवन और निर्माण भवन से संचालित हो रहे हैं, जो अब संरचनात्मक रूप से कमजोर और अप्रभावी हो चुकी हैं। कर्तव्य भवन जैसी आधुनिक सुविधाओं से युक्त इमारतें इन मंत्रालयों को एक ही परिसर में लाकर कामकाज को अधिक सुचारु, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाएंगी।



## सार बातें

### राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रमुख मांगों को पूरा करने का दिया आश्वासन

# मंत्री से चर्चा के बाद तहसीलदारों की हड़ताल खत्म

**रायपुर,6 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजस्व संघ के संसाधन नही तो काम नही सिद्धान्त पर आधारित 17 सूत्रीय मांगों की पूर्ति हेतु विगत सकारात्मक पहल नही होने पर 28 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन पर बैठे राजस्व अधिकारियों ने राजस्व मंत्री के सकारात्मक पहल और ठोस आश्वासन पर आज हड़ताल से वापस हो गए। राज्य में गत कुछ दिनों से चल रही राजस्व अधिकारियों की हड़ताल अब समाप्त हो गई है। राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा के निवास कार्यालय में हुई महत्वपूर्ण बैठक के बाद राजस्व संघ के पदाधिकारियों ने हड़ताल वापस लेने की घोषणा की। राजस्व मंत्री ने इस अवसर पर कहा, "राजस्व विभाग शासन की रीढ़ है, और अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनकी समस्याओं को शासन गम्भीरता से लेता है और उचित समाधान हेतु कटिबद्ध है।" इस अवसर पर राजस्व सचिव, राजस्व संचालनालय के संचालक तथा उप सचिव भी उपस्थित रहे। संघ के प्रतिनिधियों ने विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर अपनी मांगों एवं समस्याओं को सामने रखा। मंत्री श्री वर्मा ने उनकी सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए समाधान हेतु आवश्यक आश्वासन दिए। संघ पदाधिकारियों ने भरोसा जताया कि राज्य शासन द्वारा समयबद्ध ढंग से उनकी मांगों का समाधान किया जाएगा। मंत्री श्री टंक राम वर्मा ने राजस्व विभाग को सुचारू बनाए रखने हेतु तत्परता से पहल की। राजस्व सचिव व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने संघ के प्रतिनिधियों से विस्तृत विमर्श कर समाधान के लिए मार्ग प्रशस्त किया। संघ द्वारा प्रस्तुत मुख्य मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए प्रशासन ने कई अहम बिंदुओं पर सहमति जताई है। परिणामस्वरूप, राजस्व अधिकारियों ने हड़ताल समाप्त कर पुनः कार्यभार संभालने की घोषणा की है।डिप्टी कलेक्टर के पदों पर पदोन्नति/सीधी भर्ती पर 50 : 50 अनुपात की बहाली पर कार्यवाही की जाएगी। राजस्व अधिकारियों को राजपत्रित दर्जा दिए जाने की मांग पर नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार को राजपत्रित करने संबंधी प्रस्ताव पर शासन ने त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। लंबित पदोन्नति प्रकरणों का निराकरण करते हुए नायब तहसीलदारों एवं तहसीलदारों के लंबित ग्रेड पे और पदोन्नति मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाएगा। इसी तरह सभी तहसीलों में कार्यरत अधिकारियों को प्रोटोकॉल एवं लॉ एंड ऑर्डर ड्यूटी हेतु शासकीय वाहन व चालक की सुविधा उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन मिला है। राजस्व विभाग में बिना वैध प्रक्रिया के निलंबन अथवा अभियोजन से प्रभावित अधिकारियों की स्थिति की 15 दिवस के भीतर जांच कर बहाली की कार्रवाई की जाएगी। इस निर्णय से राज्यभर के राजस्व कार्यालयों में कामकाज पुनः सामान्य हो गया है, जिससे आम जनता को राहत मिली है। संघ ने शासन की तत्परता और समाधानात्मक रुख की सराहना करते हुए भरोसा जताया कि लंबित विषयों पर आगे भी संवेदनशील निर्णय लिए जाएंगे। यह वार्ता संवाद और समन्वय के माध्यम से प्रशासनिक समस्याओं के समाधान का सफल उदाहरण बनी है।



# सड़क किनारे नहीं होगी गणेश मूर्तियों की बिक्री

**रायपुर,6 अगस्त।** राजधानी की सड़कों पर अक्सर त्योहारी सीजन में जाम की स्थिति बनती थी, जिससे निपटने के लिए निगम ने मुहीम शुरू कर दी है. इस बार गणेशोत्सव के लिए मूर्तियों की बिक्री सड़क किनारे नहीं होगी.

जोन 5 और जोन 7 क्षेत्र में सड़क किनारे मूर्तियों की बिक्री करते पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. निगम ने लाखेनगर मैदान में मूर्तिकारों को मूर्तियां बेचने की अनुमति दी है. महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर एमआईसी मेंबर दीपक जायसवाल ने जोन कमिश्नर खीरसागर नायक और राकेश शर्मा के अलावा अधिकारियों के साथ मूर्तिकारों की बैठक बुलाई. इनमें मूर्तिकार संघ के अध्यक्ष श्री शुद्ध प्रजापति, पदाधिकारी रवि प्रजापति, कुती प्रजापति और अरूण प्रजापति शामिल हुए. कुम्हार समाज के साथ ही मूर्तिकारों ने भी अपनी सहमति दे दी. बैठक में मूर्तिकारों को बताया गया कि सडक पर श्री गणेश मूर्ति का विक्रय करने के कारण शहर में यातायात व्यवस्था पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ता है. इसीलिए सभी जोनो में 1 स्थान निर्धारित कर वहा व्यवस्थित रूप से श्री गणेश मूतियों का विक्रय करने की व्यवस्था देने प्रयास किया जा रहा है.

## एक नजर

### गोली चलाने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 6 अगस्त।** एक युवक पर हत्या करने की नीयत से पिस्तौल से गोली चलाकर चोट पहुंचने वाले आरोपी को पुलिस ने 1 वर्ष बाद गिरफ्तार किया है इस मामले में पूर्व में दो आरोपियों को सुपेला थाने पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि ओम प्रकाश राय (55 साल ) निवासी लक्ष्मी नगर शंकर पारा खदान लाइन सुपेला ने 25 अप्रैल 2024 को आरोपी चंद्रभूषण सिंह, रोशन निषाद एवं रवि शंकर यादव ने मिलकर प्रार्थी ओमप्रकाश की पिस्टल से हत्या करने की नीयत से पिस्तौल से गोली चलाकर गंभीर चोट पहुंचाए थे रिपोर्ट पर थाना सुपेला में धारा 450,307,34 एवं 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था विवेचना के दौरान आरोपी चंद्रभूषण सिंह एवं रोशन सिंह को पूर्व में सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में आरोपी रविशंकर यादव के फरार की लगातार तलाश की जा रही थी। सूचना मिली कि आरोपी रविशंकर यादव (37 साल ) निवासी विवेकानंद नगर फेस 01 96/ बी जामुल का केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध होने की जानकारी मिलने पर आरोपी रविशंकर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त किया है।

### पैसा नहीं देने पर मारपीट,गिरफ्तार



**भिलाई, 6 अगस्त।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी अंतर्गत नया तालाब सिरसा खुर्द के पास नशे के लिए पैसा नहीं देने पर आरोपी प्रहलाद (53 साल ) ने चाकू से हमला कर दिया कमल कुंभकार( 30 साल ) की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज किया उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बताया कि घटना 4 अगस्त को रात करीब 9 बजे की है कमल घटना स्थल पर खड़ा हुआ था तभी सिरसाखुर्द का ही रहने वाला प्रहलाद यादव आया प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसे की डिमांड की कमल ने मना किया तो प्रहलाद यादव गाली गलौच शुरू कर दी जान से मारने की धमकी दी इसके बाद धारदार हथियार से हमला कर दिया इस वजह से कमल के दाएं हाथ के पंजे एवं सिर के बाईं तरफ चोट आई पुलिस ने धारा 296,119 (1), 351(2) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया है आरोपी से धारदार हथियार जब्त कर लिया गया है मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

### दो हादसे में दो लोगों की मौत



**भिलाई, 6 अगस्त।** दुर्ग जिले में दो अलग अलग सड़क हादसों में दो लोगों की जान चली गई पहले हादसे में एमबीबीएस के छात्र की मौत हो गई वहीं दूसरे हादसे में कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है स्मृतिनगर चौकी प्रभारी गुरविंदर संधु ने बताया कि इंदु आईटी स्कूल के पास की घटना है तालपुरी निवासी सदान अली (24 साल ) और उसका साथी लाल रंग की एक्टिवा पर सवार होकर अपने घर की ओर लौट रहे थे इस दौरान तेज रफ्तार बाइक से आ रहे मोहित बघेल और वासु ठाकुर आमने-सामने टकरा गए हादसे के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल ले गई, जहां सदान अली की मौत हो गई उसका दोस्त उत्तम कुमार पांडेय भी घायल हो गया इलाज के लिए उसे शंकारा अस्पातल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत गंभीर होने से रायपुर के रामकृष्ण अस्पताल भर्ती कराया गया। सदान अली सीएम मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सेकंड ईयर का छात्र था वहीं बाइक सवार रोहित बघेल और वासु ठाकुर भी घायल हो गए दोनों का शंकरा में इलाज चल रहा है वहीं दूसरी घटना जामुल थाना क्षेत्र की है बाइक सवारों की एक कार से ठोकर लगने से बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई ।

# भारत गौरव रत्न सम्मान से पुष्पा एम्ब्रोस सम्मानित



**भिलाई, 6 अगस्त।** भिलाई इस्पात संयंत्र की महाप्रबंधक श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस को कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा अनुमोदित और बीजीआरएसएस काउंसिल द्वारा आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित भारत गौरव रत्न श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें इस्पात उद्योग में दी गई दीर्घकालिक, समर्पित एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया। नई दिल्ली में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देश के विभिन्न स्थानों से आए गणमान्यजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में विभागीय सुरक्षा अधिकारी के रूप में कार्यरत श्रीमती एम्ब्रोस पिछले तीन दशकों से संयंत्र के उत्पादन कार्यों के साथ-साथ कार्यस्थल एवं प्रक्रिया सुरक्षा की दिशा में योगदान दे रही हैं। संयंत्र में कार्यरत कर्मियों में सुरक्षा-संवेदनशीलता बढ़ाने और नैतिक कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उनके प्रयासों को विशेष रूप से सराहा गया। इसके अतिरिक्त समाज सेवा के क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने न केवल जरूरतमंद बच्चों को शिक्षित करने में व्यक्तिगत रूप से सहायता प्रदान की, बल्कि कई गैर-सरकारी संगठनों से जुड़कर, उनके माध्यम से भी सामाजिक कल्याण के कार्यों में महतवपूर्ण भागीदारी निभाई है।

### सिंधू भवन में तीज मिलन 12 को

**भिलाई, 6 अगस्त।** सिंधी ब्रादर मंडल की कार्यकारिणी व महिला इकाई की संयुक्त बैठक सिंधू भवन सेक्टर 4 में अध्यक्ष जय कुमार अंबवानी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सिंधी समाज का पारंपरिक त्यौहार तीज उत्सव का आयोजन धूम धाम से सिंधू भवन सेक्टर 4 में 12 अगस्त को आयोजित किया जाएगा । कार्यक्रम में मनमोहक संगीत, आकर्षक नृत्य, अनेक रोचक गेम्स, सांस्कृतिक आयोजन, सभी की पसंदीदा हाउजी ढेरों पुरुस्कारों के साथ साथ प्रतिभागियों के लिए भी बहुत कुछ। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगा । कार्यक्रम में उपस्थितजन व प्रतिभागियों के लिए चाय नाश्ता की व्यवस्था भी की गई है । महासचिव श्री मनोहर मलकानी ने कमेटी के सदस्यो को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी, उपाध्यक्ष ठाकुर साधवानी ने समाज की नारी शक्ति से अपील की कि कार्यक्रम में अवश्य पधारे ।

## महिला स्व सहायता समूह लगाएगा पौधे



**भिलाई, 6 अगस्त।** केन्द्र सरकार के अमृत मित्र 2.0 वुमेन फार ट्री योजना के तहत शहर की हरियाली एवं वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर वृक्षारोपण कर एक वर्ष तक रखरखाव कार्य कराने हेतु आदेश एवं दिशा-निर्देश प्राप्त हुआ है। नगर निगम भिलाई के उद्यान विभाग अंतर्गत शासन से स्वीकृति अनुसार 40 उद्यान/रिक्त स्थलो के लिए स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह से रूचि की अभिव्यक्ति आफर आमंत्रित किया गया। जिसमें 58 महिला स्व-सहायता समूहों से ऑफ़र प्राप्त हुआ है। प्राप्त ऑफ़र निर्धारित तिथि 04 अगस्त को महिला स्व-सहायता समूह की उपस्थिति में खोला गया एवं दस्तावेज परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत जिन उद्यानों के लिए 1 से अधिक ऑफर प्राप्त हुआ है, उनका लाटरी निकाला जाएगा। लाटरी में जिस महिला स्व-सहायता का चयन होगा उसे कार्य आदेश प्रदान कर पौधारोपण एवं रखरखाव हेतु दायित्व दिया जाएगा।

## महापौर व आयुक्त ने इंदिरा मार्केट का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए

**दुर्ग, 6 अगस्त।** त्योहारी सीजन में इंदिरा मार्केट क्षेत्र में बढ़ने वाली भीड़ और यातायात अव्यवस्था से निपटने के लिए नगर पालिक निगम दुर्ग की महापौर श्रीमती अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने आज सुबह इंदिरा मार्केट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर और आयुक्त ने बाजार व्यवस्था, सड़क की चौड़ाई, अतिक्रमण की स्थिति और यातायात मार्ग का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान महापौर व आयुक्त ने इंदिरा मार्केट स्थित प्रतिमा स्थल और आसपास के क्षेत्र में दुकानों की सीमा तय करने के लिए चुना मार्किंग कराने के निर्देश दिए। महापौर ने स्पष्ट कहा कि कोई भी दुकानदार सड़क क्षेत्र से आगे दुकान नहीं लगाएगा। यदि किसी ने तय सीमा से बाहर दुकान लगाई, तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा और दुकान को तत्काल हटाया जाएगा।महापौर ने निरीक्षण के दौरान सड़क घेरकर लगाए गए बड़े-बड़े पंडालों में राखी की दुकानें देखकर नाराज़गी जताई। उन्होंने बाजार विभाग को निर्देश दिया कि दुकानदार छोटे आकार के पंडाल लगाएं और सड़क का पर्याप्त हिस्सा यातायात के लिए खाली छोड़ें। साथ ही, पसरा लगाने वालों के लिए अलग से मार्किंग की व्यवस्था करने को कहा, ताकि भीड़भाड़ कम हो और यातायात सुचारू रहे। निरीक्षण के दौरान पचरी पारा जाने वाली गली के पास अवैध रूप से बनाए गए चबूतरे को मौके पर जेसीबी मशीन से तोड़वाकर हटवाया गया।महापौर और आयुक्त ने चेतावनी दी कि बाजार क्षेत्र में किसी भी प्रकार का नया अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा।

## ब्रम्हाकुमारी बहनों ने सीमा सुरक्षा बल के जवानों को राखी बांधी



**भिलाई, 6 अगस्त ।** रिसाली स्थित सामरिक मुख्यालय, महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल (स्पेशल-ऑप्स), छत्तीसगढ़ में एक भावनात्मक एवं सौहार्दपूर्ण रक्षाबंधन पूर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बहन प्राची दीदी के नेतृत्व में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों को तिलक लगाकर राखी बाँधी और उनके सेवा, त्याग और समर्पण के प्रति सम्मान प्रकट किया।

इस कार्यक्रम में सामरिक मुख्यालय, महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल (स्पेशल-ऑप्स) छत्तीसगढ़ के महानिरीक्षक श्री आनंद प्रताप सिंह, भारतीय पुलिस सेवा, सहित सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। बहनों ने सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों के प्रति अपने स्नेह और विश्वास को अभिव्यक्त करते हुए उन्हें मिठाई खिलाई और रक्षा सूत्र बाँधकर आत्मीयता का भाव स्थापित किया। सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों ने भी बहनों के इस प्रेम और सम्मान को विनम्रता से स्वीकार करते हुए राष्ट्र सेवा में अपने दायित्वों के प्रति संकल्प दोहराया। आयोजन का संपूर्ण वातावरण भावनाओं, देशभक्ति और भाईचारे से ओतप्रोत रहा।समापन पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों को आध्यात्मिक आशीर्वाद देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुरक्षित सेवा जीवन की शुभकामनाएँ दीं। सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों ने इस आत्मीय आयोजन के लिए ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का आभार प्रकट किया और कहा कि यह आयोजन हम सभी के मनोबल को और अधिक ऊँचा करता है तथा इसे सदैव स्मरण रखा जाएगा।

पापी पेट का



### पाइप लाइन संधारण कार्य अंतिम चरण में

**भिलाई, 6 अगस्त।** आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशानुसार गौरव पथ इंदिरा कालेज जवाहर नगर जोन 2 के सामने 450 एम एम डाया का पाईप लाईन संधारण कार्य अंतिम चरण में है।

# योनो ऐप अपडेट करने के नाम पर कई लोगों से ठगी




**भिलाई, 6 अगस्त** साइबर ठग अब बुजुर्ग रिटायर्ड कर्मियों को एसबीआई के योनो ऐप अपडेट करने के नाम से कॉलकर ठगी कर रहे हैं (90 साल ) के रंगकर्मी ठगी का शिकार हो गया। ठग ने बातों में उलझा कर पीड़ित से योनो ऐप का पासवर्ड मांग लिया और लगभग 58 हजार रुपए की राशि उन के खाते से दो बार में निकाल लिया देबोब्रोतो रॉय चौधरी (90 साल ) भिलाई के वरिष्ठ एवं वयोवृद्ध रंगकर्मी को विगत दिनों एसबीआई के योनो ऐप अपडेट करने के नाम से एक कॉल आया। बातों में उलझा कर उनसे योनो ऐप का पासवर्ड मांग लिया और लगभग 58 हजार रुपए की राशि उनके खाते से दो बार में निकाल लिया गया। श्री रॉय चौधरी ने एसबीआई बैंक को इस साइबर फ्राड की सूचना दी और पुलिस के साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज करवाने वाले हैं। श्री रॉयचौधरी लगभग30 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हो चुके हैं। सीमित रुपयों से ही उनके एकाकी जीवन का गुजारा हो पाता है। ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों के लिए बैंक द्वारा उनके खातों के सुरक्षित प्रचालन के लिए क्या सुदृढ़ व्यवस्था अपनायी जा रही है। ये सम्पूर्ण बैंकीय प्रणाली पर एक बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह है। पीड़ित ने बताया कि बहुत से वरिष्ठ नागरिक आज भी मोबाइल और कंप्यूटर ऑपरेट नहीं कर पाते, उनके परिजन देश, विदेश में बाहर परिवार के आवश्यकतानुसार रहते हैं। डिजिटल होना अच्छी बात है, लेकिन सिस्टम सुरक्षित तो हो। नहीं तो आपके अथक परिश्रम से कमाए पैसों को इस प्रकार के फ्रॉड कभी भी एक झटके में ले उड़ सकते हैं इनके साथ भी हो फोन आया और ऐप अपडेट करने के नाम पर लिंक भेजा चुकी है ठगी पहला मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है नेहरू नगर पश्चिम निवासी राजेश कुमार पांडेय का सेक्टर-4 स्थित एसबीआई शाखा में सेविंग अकाउंट है। 26 जून की सुबह उन्हें गया। राजेश कुमार ने जैसे ही डिटेल भरी, उसके बाद बिना ओटीपी बताए ही उनके खाते से 1.90 लाख रुपये निकल गए। वहीं दूसरा मामला जामुल थाना क्षेत्र का है। हाउसिंग बोर्ड निवासी और माइंस के रिटायर्ड मैनेजर 85 वर्षीय रमाशंकर पांडेय के खाते से भी ठगों ने इसी तरीके से 2.80 लाख रुपये उड़ा लिए दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि सावधानी व सतर्कता ही ठगी से बचने का उपाय किसी भी संदिग्ध लिंक पर बैंक संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी सांझा न करें क्योंकि ऐसा करने से वे साइबर ठगी का शिकार हो सकता है सावधानी एवं सतर्कता ही साइबर ठगी से बचने का बेहतर उपाय है

## राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता उद्घाटित



**भिलाई, 6 अगस्त।** 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 04 से 06 अगस्त तक सेक्टर-4 स्थित बीएसपी बॉल बैडमिंटन कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 4 अगस्त को मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर बॉल बैडमिंटन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इसरार अहमद, बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष एवं उप प्रबंधक रजी उन्नी, क्लब के सचिव डीवीएस रेड्डी, कोषाध्यक्ष श्यामल बनर्जी, महासचिव वाय राजा राव तथा नासिर खान भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि संदीप माथुर ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए दृढ़ निश्चय और समर्पण आवश्यक है और आप सभी खिलाड़ियों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 18 और महिला वर्ग की 14 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन शानदार और रोमांचक मुकाबले खेले गये। महिला वर्ग में कबीरधाम ने रायपुर को 35-09 एवं 35-21 से पराजित कर शानदार शुरुआत की। महासमुंद ने गरियाबंद को 35-18 और 35-21 से हराकर जीत दर्ज की। दुर्ग और गरियाबंद के बीच हुए मुकाबले में गरियाबंद ने 35-05 और 35-17 से जीत हासिल की, वहीं धमतरी ने बलौदा बाजार को 35-22 एवं 35-37 से हराया।

### रूचि की अभिव्यक्ति के तहत साक्षात्कार 7 अगस्त को

**सुकमा, 6 अगस्त।** जिले में कक्षा 11 वीं, 12वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण 120 छात्र व छात्राओं को जेईई मेंस तथा एडवांस व नीट एक्जाम की तैयारी हेतु रूचि की अभिव्यक्ति के तहत प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किया गया था। निर्धारित तिथि तक कुल 05 संस्थाओं द्वारा आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। जिसका परीक्षण एवं प्रस्ततीकरण एवं प्रशिक्षको का साक्षात्कार 07 अगस्त 2025 दिन गुरूवार समय प्रातः 10रू30 बजे से कार्यालय कलेक्टर जिला सुकमा के सभाकक्ष में किया जावेगा।

## 10 हजार बहनों से रक्षा-सूत्र बंधवा विधायक ने दिए उपहार



**भिलाई, 6 अगस्त।** वैशाली नगर विधानसभा के लोकांगन परिसर में राखी महोत्सव की धूम रही। हजारों बहनों ने जहां विधायक रिकेश को राखी बांधी वहीं उनके साथ काफी देर तक म्यूजिक की धुन पर डांस भी किया। शाम 5 बजे से रक्षाबंधन का यह महोत्सव रात्रि 9 बजे तक चलता रहा। विधायक सेन ने इस दौरान महिलाओं को न सिर्फ आर्थिक संबलता के लिए चल रही शासकीय योजनाओं की जानकारी दी बल्कि शिक्षा और खेल के क्षेत्र में बालिकाओं को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। उन्होंने बहनों के स्व रोजगार के लिए हमेशा की तरह हर संभव सहायता का भी संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि पिछले 18 महीनों में वैशाली नगर विधानसभा के विकास को लेकर दिन-रात चिंता करते हुए मैंने कांग्रेस सरकार में पिछले 5 वर्षों से उपेक्षित वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र को हर मामले में आगे ले जाने का प्रयास किया है। कई कार्य हम सभी को दिखाई देने लगे हैं और बहुत से अभी होने हैं, आने वाले एक दो वर्षों के भीतर जब अधिकांश कार्य मूर्त रूप ले चुके होंगे तो हम छत्तीसगढ़ की सबसे उत्तम और विकसित विधानसभा के रूप में वैशाली नगर को देखेंगे। यहां की जनता ने जिस प्रेम और विश्वास से मुझे हमेशा आगे बढ़ाया है उतनी ही शिद्दत से मैं लगातार कार्य करता रहूंगा। इस इच्छाशक्ति के लिए मुझे क्षेत्र की जनता, युवाओं और माताओं-बहनों ने हमेशा मुझे प्रेरित किया है। विधायक निवास के समीप स्थित लोकांगन परिसर में वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र की मितानिन, आंगनबाड़ी, नर्स, चिकित्सक, शिक्षिका, व्यवसायी, सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी समाजसेवी बहनों ने हजारों की संख्या में पहुंच विधायक रिकेश सेन को रक्षा सूत्र बांधा। पिछले 25 वर्षों से विधायक रिकेश सेन, पार्षद रहते हुए भी प्रत्येक रक्षाबंधन पर यह आयोजन करते रहे हैं। दरअसल उनका मानना है कि प्रत्येक तीज त्यौहारों के ऐसे आयोजन में वो अपने क्षेत्र की जनता से पारिवारिक रूप से सम्बद्ध होते हैं। इससे सभी के सुख-दुख में सहभागिता और जनता से जमीनी रूप में जुड़ कर काम करने का उन्हें सम्बल मिलता है। राखी महोत्सव आयोजन में लगभग 10 हजार से अधिक बहनों ने अपने विधायक भाई को राखी बांधी। एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया और विधायक ने उपहार देकर बहनों की हर समस्या में उनके लिए खड़े रहने का अपना संकल्प दोहराया।

## भखारा प्रेस क्लब के राजेश रात्रे अध्यक्ष,युगल किशोर साहू सचिव बने



**भखारा, 6 अगस्त।** बीते सोमवार को भखारा प्रेस क्लब का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें नए पदाधिकारी का चयन किया गया।जिसमें भखारा प्रेस क्लब के सभी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से राजेश रात्रे को अध्यक्ष नियुक्त किया गया।वहीं खिलेश साहू को उपाध्यक्ष एवं युगल किशोर साहू को उनके द्वारा पूर्व कार्यकाल में किये गए बेहतर कार्य को देखते हुए दूसरी बार संगठन का सचिव चुना गया।भखारा प्रेस क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष थानेश्वर साहू के द्वारा नए अध्यक्ष का साल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन हित में हमेशा कार्य करने की बात कही। नवनियुक्त प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेश रात्रे ने कहा कि मैं हमेशा संगठन की हित में कार्य करूंगा और पूरे क्षेत्र में पत्रकारिता की नई नींव रखा जाएगा।उक्त प्रेस क्लब के चुनाव के दौरान संरक्षक मोहम्मद रसीद,प्रीतम टण्डन,सुरज सिन्हा, दिग्विजय साहू,थानेश्वर साहू,कैलाश टाण्डे मौजूद रहे।साथ ही संगठन का विस्तार किया गया।जिसमें अंचल के दो पत्रकार प्रेस क्लब भखारा में जुड़कर सदस्यता लिया।

# विधायक ने हजारों कांवड़ियों के लिए की नि:शुल्क भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था



**कवर्धा, 6 अगस्त।** सावन माह में कबीरधाम जिले से अमरकंटक जाने वाले कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा हेतु निरंतर चौथे वर्ष भी भावना बोहरा द्वारा 11 जुलाई से 6 अगस्त तक उनके ठहरने एवं भोजन हेतु नि:शुल्क व्यवस्था की गई थी। इस दौरान लगभग 30,000 कांवड़ यात्रियों एवं शिवभक्तों का मेला मैदान, नया पालिका परिसर, अमरकंटक में आगमन हुआ जहाँ संस्थान के सदस्यों द्वारा उनका स्वागत कर सेवा की गई। परिसर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में कबीरधाम जिले से कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं का आगमन जारी रहा वहीं संध्या आरती में प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तजनों ने शामिल होकर शिवजी की आराधना कर भोजन एवं प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भक्तिमय भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि सावन माह के अवसर पर कबीरधाम जिले से अमरकंटक जाने वाले शिव भक्तों और कांवड़ यात्रियों के कठिन यात्रा में पुण्य का भागीदार बनने का हमें एक सौभाग्यशाली अवसर प्राप्त हुआ। भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्यगण भी 11 जुलाई से 6 अगस्त तक उनकी सेवा में दिन-रात अनवरत जुटे हुए थे ताकि उन्हें किसी भी प्रकास की कोई असुविधा न हो। मेला मैदान, नया पालिका परिसर,अमरकंटक में कबीरधाम जिले के कांवड़ यात्रियों के कठिन यात्रा के बाद विश्राम हेतु उनके ठहरने व भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था की गई थी जहां प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों का आगमन हो रहा है साथ हर वर्ष शिवभक्तों की बढ़ती संख्या हमारे प्रयासों एवं मन को संतुष्टि व प्रसन्न करने वाली है। इस वर्ष लगभग 30000 हजार से अधिक की संख्या में श्रद्धालुओं व कांवड़ियों का आगमन हुआ और उनकी सेवा करने का अवसर मिलना हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है। इस दौरान हमारे इस प्रयास में भावना समाज सेवी संस्थान के सदस्यों, कबीरधाम जिले के वरिष्ठजनों, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से समाज सेवकों व पूरे कबीरधाम जिले की जनता ने अपना भरपूर सहयोग, आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन हमें दिया और उनके इसी अपार स्नेहरूपी आशीर्वाद से हमें यह कार्य करने का अवसर मिला जिसके लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करती हूँ।इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि हमारे इस प्रयास से उनके चेहरों पर आई खुशी और कठिन यात्रा के बाद उन्हें सुविधा मिली उसे देखकर बहुत ही प्रसन्नता हुई है। मैं कबीरधाम जिले से पधारे समस्त कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत करती हूँ और आभार भी व्यक्त करती हूँ की हमें इस पुण्य का भागीदार बनने का अवसर प्रदान किया। हमारी धार्मिक सभ्यता के प्रसार एवं उसे संजोने में आप सभी का यह अतुलनीय योगदान हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा।

## एक नजर

### तिल्दा नेवरा में 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत

**तिल्दा नेवरा, 6 अगस्त।** तिल्दा नेवरा न्यायालय में 13 सितंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक मामले, धारा-138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, वसूली वाद आदि (लंबित एवं प्रि-लिटिगेशन मामले) संबंधित प्रकरणों के साथ-साथ सभी सुलह योग्य आपराधिक वादों, सिविल वादों, भूमि अधिग्रहण वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर के वाद, पारिवारिक वादों, स्टाम्प वादों, उपभोक्ता फोरम वादों, राजस्व वादों, चकबंदी वादों, श्रम मामलों, नगर पालिका टैक्स वसूली से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

### अवैध शराब बेचने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 6 अगस्त।** समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल के संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से ?16,600 कीमत मूल्य का 31.7 बल्क लीटर मसाला/अंग्रेजी शराब एवं बीयर शराब जप्त किया गया है। साथ ही अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त 03 मोटरसाइकिल भी जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,6 अगस्त।** प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित परिजनों मे लछनी बाई वर्मा पति स्व.मनहरण लाल वर्मा, निवासी ग्राम मोपका, तहसील भाटापारा एवं सुखिया बाई यादव पति स्व. गोपाल यादव, निवासी ग्राम गाड़ाकुसमी तहसील पलारी शामिल हैं। पीड़ितों के निकट परिजनों के आकाशीय बिजली गिरने एवं सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### गणेश उत्सव के 11 दिवसीय भंडारा में शामिल होंगे डॉ. रमन सिंह

**राजनांदगांव, 6 अगस्त।** शहर की ऐतिहासिक और भव्य गणेश उत्सव परंपरा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। नगर सहित जिले भर में श्रद्धालु इस आयोजन को लेकर उत्साहित हैं। इसी कड़ी में क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मां अंबे धाम गणेश मंदिर समिति द्वारा आयोजित 11 दिवसीय गणेश उत्सव एवं भंडारा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। समिति के आग्रह को स्वीकार करते हुए डॉ. रमन सिंह ने आयोजन में गरिमामयी उपस्थिति देने की सहमति प्रदान की है। आयोजन को सफल और भव्य बनाने हेतु समिति के सदस्य पूर्व पार्षद श्री गप्पू सोनकर एवं समिति अध्यक्ष श्री संजय सरोदे के नेतृत्व में 3 जुलाई को रायपुर पहुंचे, जहाँ उन्होंने डॉ. सिंह से भेंट कर विनम्र अनुरोध किया। डॉ. सिंह ने समिति के निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए आयोजन में शामिल होने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष श्री सुरेश साहू, कोषाध्यक्ष श्री नवीन जैन, सूचना प्रभारी श्री गप्पू सोनकर, सचिव श्री मोहन राजपूत, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा एवं श्री महेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि मां अंबे धाम गणेश मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष श्रद्धा और भक्ति के साथ गणेश उत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन भंडारे में सहभागी होते हैं। डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति से इस वर्ष का आयोजन और भी विशेष बनने जा रहा है।

### लायंस क्लब सिटी ने किया महाकाल यात्रा का भव्य स्वागत



**राजनांदगांव, 6 अगस्त।** लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा आज 4 अगस्त को सेवा की राह में 2025 - 26 में आगे बढ़ते सावन के महीने में प्रत्येक सोमवार को शहर की जनता का हाल जानने निकले महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर महादेव जी की शाही पालकी यात्रा का लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा गंज लाइन डॉ पुखराज बाफ्ना जी के निवास के सामने भव्य स्वागत पुष्प की वर्षा कर आरती की गयी एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी लायन मानव देशमुख,लायन संजय तेजवानी रहें तथा हमारे लायंस क्लब के सदस्य लायन मुकेश चौबे एवं लायन मनोज गुप्ता जी का जन्मदिन मनाया गया केक काटकर सभी ने अपनी शुभकामनाएं बधाई दी।

## एक राखी सैनिक भाईयों के नाम

# मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ के बच्चों की पहल को सराहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 06 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश भर में चलाए गए 'एक राखी सैनिक भाइयों के नाम' अभियान की जानकारी दी।



मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में हमारे देश की सीमा पर तैनात सैनिक भाईयों के सम्मान में एक राखी सैनिक भाईओं के नाम' अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 33 जिलों के बुलबुल, गाइड और रेंजर बहनों द्वारा हस्त निर्मित राखियां सैनिक भाईयों के लिए प्राप्त हुई है। ये राखियां हमारे सैनिक भाइयों को प्रेषित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अभियान 'एक राखी सैनिक भाइयों के नाम' की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि इस अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के बच्चे देश की रक्षा में सीमा पर डटे जवानों को रक्षासूत्र भेज रहे हैं। इस पहल से बच्चों में देशभक्ति की भावना बढ़ेगी और हमारे जवानों को भी भावनात्मक संबल मिलेगा । इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, श्री मुरली शर्मा, श्री कैलाश सोनी, श्री समीर शेख सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

# निगम ने मवेशियों को कांजी हाउस भेजा

### हाईवे रोड पर चला अभियान

**राजनांदगांव 6 अगस्त।** नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान में निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो का निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में सर्किट हाउस रोड, आम्बेडकर चौक, हाईवे रोड से 6 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी, मवेशियो को रेवाडीह कांजी हाउस में रखा गया है, जहॉ उन्हे मण्डी के बचे फल सब्जी का पौष्टिक आहार भी दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कई पशु मालिकों द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड देते है, जिससे मवेशी चौक चौराहों में घुमते एवं बैठे रहते है, जिससे यातायात बाधित होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जो आमजनों के साथ ही पशुओ के लिये भी खतरनाक है। पशु मालिकों की सजगता से ही दुर्घटना से बचा जा सकता है। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने टीम गठित की है, गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है।



आज की कार्यवाही में सर्किट हाउस रोड, आम्बेडकर चौक, हाईवे रोड से घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड के तहत 6 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है, जहॉ उन्हे पैरा कुट्टी के साथ साथ बसंतपुर गंज मण्डी से बचे फल सब्जी प्रतिदिन लाकर खिलाया जा रहा है, ताकि उन्हे पौष्टिक आहार मिलता रहे, बीमार मवेशियो को गौशाला पिंजरापोल लेजाकर ईलाज भी कराय जाता है।

# खाद्य पदार्थों में मिलावट पर सजा का प्रावधान खत्म करना चिंताजनक : आप

**रायपुर, 6 अगस्त।** खाद्य पदार्थों में मिलावट पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा है कि खाने-पीने की चीजों दूध घी पनीर सहित अन्य में मिलावट से लोग गंभीर बीमारी का शिकार हो रहे हैं। सरकार की मुहीम ÷बने खाबो-बने रहिबो में महज खाना पूर्ति हो रही है। खाद्य पदार्थों में मिलावट पर खाद्य और औषधि प्रशासन की लापरवाही एक अत्यंत गंभीर और चिंताजनक विषय है, क्योंकि यह सीधे जनता के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा हुआ मामला है। जब संबंधित विभाग, जिसका कार्य खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है, अपनी जिम्मेदारियों में लापरवाही करता है, तो मिलावटखोरों का हौसला और बढ़ जाता है। और जब से




भारतीय दंड संहिता के बीएनएस में तब्दील होने के बाद खाद्य पदार्थों के अमानक मिलने पर सजा के प्रावधान को कर दिया गया है अब मिलावट मिलने पर गंभीरता के आधार पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है जिससे मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं अब उनको सजा का डर नहीं रह गया जो की चिंताजनक है। राजधानी रायपुर सहित दुर्ग, बिलासपुर, और राजनांदगांव में नकली खोया और सिंथेटिक दूध, नकली रिफाइंड तेल, हल्दी, मिर्ची पाउडर और धनिया पाउडर में रंग और सस्ते तत्व मिलाने की घटनाएं सामने आई हैं। राजधानी रायपुर में कुछ दिन पहले ही वनस्पति घी और दूध पावडर से पनीर बनाने का धंधा पकड़ाया जो की पूरे प्रदेशभर में सक्रिय है, मामला न्यायालय में है लेकिन धीमी गति से कार्यवाही होने मिलावटखोरों में डर ख़त्म हो जाता है। प्रदेश महासचिव (मीडिया, सोशल मीडिया प्रभारी, मुख्य प्रवक्ता ) सूरज उपाध्याय ने कहा कि खाद्य और औषधि प्रशासन द्वारा नियमित रूप से बाजार और दुकानों की जांच नहीं होती, त्योहारों या विशेष मौकों पर ही खानापूर्ति के लिए अभियान चलाए जाते हैं।

# फर्जी नियुक्ति मामले में कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

### शिक्षा विभाग में 9 लोगों के फर्जी नियुक्ति पत्र से नौकरी का मामला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 6 अगस्त।** जिला मोहला मानपुर, अंबागढ़- चौकी जिले में नौ लोगों के फर्जी नियुक्ति पत्र के आधार पर तृतीय श्रेणी में सरकारी नौकरी हासिल करने और बीते 38 महीने से रेगुलर कर्मचारी के तौर पर सरकारी कोषालय से अब तक लाखों रुपए वेतन प्राप्त कर लेने के मामले में कलेक्टर तूलिका प्रजापति ने इस मामले मे सच्चाई की पड़ताल के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश किया है। यह आदेश दिनांक 09/09/2021 को जो नियुक्ति आदेश छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा आयोग रायपुर द्वारा जारी किया गया है, वह आदेश फर्जी है, इसी नियुक्ति आदेशानुसार नौ लोगों को तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव ने ज्वानिंग दी थी। स्थापना कक्ष प्रभारी जिसने नोटशीट प्रस्तुत किया और इन नौ लोगों को पदस्थापना देने पूरी प्रक्रिया को पूर्ण किया, वह आज भी जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव कार्यालय में पदस्थ है, इसलिए इस जांच को उसी के आरंभ किया जाना उचित होगा क्योंकि वहीं इस पूरी प्रक्रिया व प्रकरण को भलीभांती जानता है।




अब कलेक्टर मोहला मानपुर अ. चौकी ने जिला शिक्षा अधिकारी मोहला को जांच अधिकारी बना दिया है, यानि दुध की रखवाली बिल्ली स्वयं करेगी। जिस विभाग पर फर्जीवाड़ा करने का आरोप लग रहा है, जिस विभाग के कर्मचारियों पर आरोप लग रहे है, अब वहीं विभाग जांच करेगा......क्या विभाग अपनी जांच स्वयं करेगा, क्या यह न्यायसंगत और तर्कसंगत है? उल्लेखनीय है कि मोहला कलेक्टर को शिकायत प्रेषित किया गया है कि कांग्रेस शासन काल में नौ लोगों ने फर्जी नियुक्ति पत्र के आधार पर तृतीय श्रेणी में सरकारी नौकरी हासिल कर ली है। इन सभी ने सरकारी सिस्टम के कमजोरी का पूरा फायदा उठाते हुए शिक्षा विभाग में अपना पद स्थापना दिखा दिया है ।ये सभी बीते 38 महीने से सन 2019-20 मे व्यापम से चयनित अभ्यर्थी के रूप में रेगुलर कर्मचारी के नाम पर नौकरी कर रहे हैं। आरोप है कि वर्ष 2021 में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 और डाटा एंट्री ऑपरेटरो ने राजनंदगांव एव मोहला शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर फर्जी दस्तावेज कुटरचित दो दो अवर सचिव के नाम पर आधारित नियुक्ति आदेश के आधार पर तृतीय श्रेणी में रेगुलर सरकारी नौकरी कर रहे हैं विभागीय अफसरों ने नियुक्ति पत्र के सत्यापन भी नहीं किया और भीषण कोरोना काल के समय में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा में चयनित परीक्षा में सम्मिलित होकर चयनित बता दिये गये है । वर्तमान में ये लोग जिला कलेक्टर कार्यालय मोहला जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सहित स्कूलो में सहायक ग्रेड 3 के 6, डाटा एंट्री ऑपरेटर के 3 कुल 9 लोग विगत 38 माह से इन पदों पर बाकायदा रेगुलर कर्मचारी के रूप में नौकरी कर रहे हैं। इस मामले मे नियुक्ति आदेश छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा आयोग के सचिव ओपी मिश्रा , अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग सरोज उईके के नाम के पत्र का हवाला देकर विभिन्न नौ लोग सरकारी नौकरी पर जमे हुए है।

# इंजिनियरिंग कॉलेज के प्रोफेसर से ठगी

### मनी लांड्रिंग में फंसाने की धमकी देकर 88 लाख रुपये वसूले

**रायपुर, 6 अगस्त।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बुधवार को सायबर ठगी के दो मामले सामने आएं है। सायबर ठगों ने शासकीय इंजीनियरिंग कालेज का प्रोफेसर संतोष कुमार को डिजिटल अरेस्ट कर 88 लाख रूपए ऐंठ लिए। वहीं देवेंद्र नगर निवासी शशिकांत वर्मा को शेयर मार्केट में मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 60 लाख रुपये ठग लिए।

मिली जानकारी के अनुसार, सायबर ठगों ने शासकीय इंजीनियरिंग कालेज का प्रोफेसर संतोष कुमार को डिजिटल अरेस्ट कर 88 लाख रूपए ऐंठ लिए। ठगों ने मानव तस्करी, मनी




लॉन्ड्रिंग और अन्य अपराध में फंसाने की धमकी देकर अपने जाल में फंसाया। प्रोफेसर के खाते से बड़ी रकम निकलने पर रायपुर साइबर पुलिस ने उनसे संपर्क किया और परेशानी के संबंध में पूछताछ भी की थी। तब प्रोफेसर ने पुलिस को जानकारी साझा नहीं की थी। इस मामले को लेकर पुरानी बस्ती थाना ने केस दर्ज कर लिया है।

# आंगनबाड़ी सहायिका के लिए 18 तक आवेदन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत नगरीय निकाय सारंगढ़ के वार्ड 1 कुटेला, वार्ड 2 भोजपुर और वार्ड 3 के साथ साथ ग्राम गातापीढ़ा और घोठला बड़े के आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए आंगनबाड़ी सहायिका पद की भर्ती हेतु इच्छुक महिला उम्मीदवार से 18 अगस्त 2025 तक कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी कार्यालय, एकीकृत बाल विकास परियोजना, खेलभांठा सारंगढ़ के पता में आवेदन पत्र आमंत्रित किया है।

आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए योग्यता आठवी उत्तीर्ण निर्धारित है। आवेदिका की उम्र 18 से 44 वर्ष तक होनी चाहिए। सभी दस्तावेज, 8वी की अंकसूची, वोटर आईडी, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि के फोटोकॉपी में स्वयं के हस्ताक्षर कर स्वप्रमाणित कर आवेदन पत्र में संलग्न किया जाना अनिवार्य है। गांव के आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए आवेदिका को संबंधित गांव का निवासी होना चाहिए।

# बिजली बिल हाफ योजना में कटौती कर महतारी वंदन योजना का पैसा वसूल रही भाजपा सरकार :चुम्मन साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छूरिया, 6 अगस्त।** जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि महतारी वंदन योजना के नाम पर महिलाओं को 1000 रुपये देकर सरकार वही पैसा बिजली बिल और महंगाई के जरिए वापस ले रही है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने आम जनता को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना के तहत 400 यूनिट तक आधे बिल की छूट दी थी, जिससे लाखों परिवारों को बड़ी राहत मिली। लेकिन भाजपा सरकार ने इस योजना को कमजोर कर



केवल 100 यूनिट तक सीमित कर दिया है और बिजली दरों में भी वृद्धि कर दी है। भाजपा ने महिलाओं को 1000 रुपये की सौगात नहीं दी, बल्कि उनके हक की छूट छीन ली और अब बिजली बिल में वह पैसा वसूल रही है, चुम्मन साहू ने कहा 500 रुपये में गैस सिलेंडर का वादा अधूरा महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा भी अभी तक पूरा नहीं हुआ। उल्टा रसोई गैस की कीमतों और बिजली दरों में बढ़ोतरी से महिलाओं की जेब और घर के बजट पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। चुम्मन साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने केवल वादे नहीं किए, बल्कि उन्हें निभाया और जनता को सीधी राहत दी। भाजपा सरकार ने सत्ता पर आते ही इन जनहित योजनाओं को समाप्त या सीमित कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता के साथ हुए इस धोखे को बर्दाश्त नहीं करेगी और सड़कों से लेकर सदन तक इन जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।

# विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री अवनी कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर मातृत्व और बाल स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने हेतु जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 7 अगस्त 2025 तक चलेगा। इसी क्रम में मंगलवार को उपस्वास्थ्य केन्द्र जामकोटपारा, कोपाबेड़ा, आंगनबाड़ी केन्द्र गिरोला बड़ेपारा तथा गिरोला आवासपारा में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में स्तनपान से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। गुणवत्तापूर्ण स्तनपान विषय पर चर्चा करते हुए माताओं को यह बताया गया कि शिशु के पहले छः महीनों तक केवल माँ का दूध ही सबसे संपूर्ण आहार है। कार्यक्रम में शिशु दूध के विकल्प, बोतल से दूध पिलाने के दुष्परिणाम और पूरक आहार से जुड़े विषयों पर भी जानकारी दी गई।

विशेष ध्यान इस बात पर दिया गया कि स्तनपान कराने वाली माताओं को सही मार्गदर्शन और समर्थन मिले, ताकि शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास में सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

# नक्सल हमलों में शहीद हुए जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव, 6 अगस्त।** दिनांक 06.08.2017 को माओवादी नक्सलियों के होने की सूचना पर सर्चिंग हेतु रवाना हुए थे। सर्चिंग करते पुलिस पार्टी भावे के आगे घोड़ापाठ जंगल की ओर बढ़ रहे थे कि घोड़ापाठ जंगल के ऊपर भावे से 03 किमी दूरी पर पुलिस पार्टी को देखकर करीबन 13:30 बजे नक्सलियों द्वारा जान से मारने की नीयत से एक राय होकर आधुनिक हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। पुलिस पार्टी द्वारा भी वितरणशुदा आर्म्स एम्युनेशन से



आत्मरक्षार्थ पोजीशन लेकर जवाबी फायरिंग किया गया। इस दौरान बहादूरी से लड़ रहे उनि0 युगल किशोर वर्मा एवं आरक्षक 962 कृषलाल साहू द्वारा अपने मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुती देकर शहीद हो गए। दिनांक 03.02.2017 को ग्राम भावे से उत्तर दिशा की ओर पहाड़ी जंगल में 34-35 की संख्या में सशस्त्र वर्दीधारी महिला पुरूष माओवादी नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी को देख कर जान से मारने की नियत से आटोमैटिक हथियारों से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे तब पुलिस पार्टी द्वारा भी चारो तरफ से घेराबंदी कर आत्मसुरक्षार्थ जवाबी फायर करते हुये आगे बढ़ने लगे। नक्सलियों के साथ मुठभेड में सहायक आरक्षक क्र0-53 सुखुराम नेताम द्वारा अपने मातृभूमि रक्षा के लिए नक्सलियों से लोहा लेते हुये वीरगति को प्राप्त हो गये।

इस अवसर पर शहीद स्मारक रक्षित केंद्र राजनांदगांव में शहीद परिवार के साथ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक श्री रमेश साहू, रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कसेर व नक्सल सेल/रक्षित केंद्र एवं पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# टीबी के मरीजों को अतिरिक्त पोषण सहायता देने के लिए आगे आ रहे समाजसेवी संगठन

### चार माह में दो सौ से अधिक मरीजों को बांटे फूड बास्केट

**बलौदाबाजार, 6 अगस्त।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी का उपचार ले रहे मरीजों को समाज के सक्षम वर्ग द्वारा निक्षय मित्र बन अतिरिक्त पोषण सहयोग प्रदान किया जाता है। इसी कड़ी में नगर के श्री भूतेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट ,वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन और सहयोग संगठन समाज सेवी संस्थाओं ने निक्षय मित्र बन कर टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित किया है। समाज सेवी संगठनों द्वारा चार माह में 210 पोषण आहार के फूड बास्केट वितरित किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं



स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कोई भी सक्षम व्यक्ति जैसे जनप्रतिनिधि, व्यापारी, कर्मचारी, समाज सेवी संघ आदि टीबी के मरीजों को निक्षय मित्र बन के उन्हें अतिरिक्त पोषण सहयोग प्रदान करते हैं जिसमें मुख्यतः प्रोटीन पोषक तत्व पाए जाते हैं। मरीज को इस अतिरिक्त आहार से टीबी रोग से लड़ने में सहायता मिलती है। उन्होंने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में निक्षय मित्र बन इस नेक कार्य में सहयोग की अपील की है जिससे देश से टीबी रोग का उन्मूलन किया जा सके। गौरतलब है कि टीबी एक संक्रामक रोग है जो हवा के माध्यम से फैलता है।

# पशु प्रबंधन कार्य में कोई लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त : कलेक्टर

### जनपद सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

**बलौदाबाजार, 6 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार क़ो समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होने सडक पर विचरण करने वाले पशुओं के प्रबंधन कार्य क़ो प्राथमिकता देने एवं कड़ी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। पशु प्रबंधन कार्य में लापरवाही बरतने पर पांचो विकासखंड के जनपद सीईओ क़ो नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि एनएच किनारे के चयनित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में सड़क पर खुला विचरण करने वाले पशुओं के प्रबंधन हेतु समीक्षा बैठक में जरुरी निर्देश दिये गये हैं। सभी जनपद सीईओ एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी पशु प्रबंधन पर ठोस



कार्यवाही करें।प्रतिदिन ग्राम पंचायतों से रिपोर्ट लें।इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चयनित ग्राम पंचायतों में चारागाह विकास हेतु मनरेगा के माध्यम से कार्य स्वीकृत कराने के निर्देश दिये।कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार हर- घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय अधिकारी- कर्मचारी एवं आम नागरिको के घरों में तिरंगा फहराने हेतु आवश्यक तैयारी एवं लोगों क़ो जागरूक करने ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित करने कहा। इसके साथ ही छतीसगढ़ स्थापना दिवस पर अमृत रजत जयंती कार्यक्रम अंतर्गत विभागवार कार्यक्रम आयोजन हेतु आवश्यक तैयारी की समीक्षा की। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का तय समय सीमा में निरकारण सुनिचित करने तथा समय -सीमा से बाहर वाले आवेदनों क़ो अभियान चलाकर निराकृत करने के निर्देश दिये।उन्होंने जेम पोर्टल पर विभागों द्वारा सामग्री क्रय करने में पारदर्शिता हेतु जिला स्तर पर मॉनिटरिंग समिति गठित करने के भी निर्देश दिये।

## संपादकीय

### मजबूत नेतृत्व का सम्मान जरूरी है

मजबूत नेता किसी भी दल को हो उसका सम्मान जरूरी होता है, यह सम्मान इसलिए नहीं किया जाता है कि वह किसी दल का सर्वोच्च नेता है, उसका सम्मान तो उसके काम के लिए किया जाता है,क्योंकि उसके काम के कारण की गठबंधन को चुनाव में जीत मिलती है। उसके काम के कारण ही देश का तेजी से विकास होता है, देश का नाम विश्व में एक मजबूत देश व मजबूत नेता के कारण सम्मान से लिया जाता है। हाल ही में एनडीए की एक साल बाद हुई बैठक में पीएम मोदी का आपरेशन सिंदूर के दौरान असाधारण नेतृत्व के लिए अभिनंदन किया गया इस दौरान आपरेशन सिंदूर व महादेव में सशस्त्र बलों के अतुलनीय साहस व अटल प्रतिबध्दता के लिए सराहना भी की गई। इस दौरान पीएम मोदी एनडीए सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए एक स्वाभाविक और मजबूत गठबंधन है। एनडीए का गठन 1998 में हुआ उसके बाद से एनडीए देश का एक मजबूत गठबंधन बना हुआ है, इसमें दलों का आना-जाना चलता रहा लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि एनडीए की एकता पर कोई सवाल उठाया गया हो। पीएम मोदी के आने के बाद भाजपा को बहुमत मिला और एनडीए की जरूरत भाजपा को नहीं थी, वह चाहती तो एनडीए के दलों को सरकार में शामिल नहीं भी कर सकती थी, लेकिन पीएम मोदी को देश की राजनीति की गहरी समझ हैं, वह जानते हैं कि आज भाजपा को बहुमत मिला है तो भी एनडीए उपयोगी है, उन्होंने भाजपा को एक बार नहीं दो बार बहुमत मिलने पर भी एनडीए के सदस्यों का पूरा सम्मान किया। उनकी दूरदर्शिता का पता तब चला जब तीसरी बार भाजपा को बहुमत नहीं मिला और एनडीए को बहुमत मिला। अगर पीएम मोदी ने एनडीए का सम्मान न किया होता, सत्ता में साझेदार न बनाया होता तो तीसरी बार उनकी सरकार बन पाती क्या? एक मजबूत दल होता है,एक मजबूत गठबंधन होता है और उनका नेता भी मजबूत होता है तो राजनीतिक सफलता मिलती रहती है। एक गठबंधन राहुल गांधी लोगों का है न तो गठबंधन मजबूत है,न ही कोई नेता मजबूत हैं। यहां कोई किसी का नेतृत्व स्वीकारने को तैयार नहीं है,इसलिए किसी नेता को बड़ा मानकर सम्मान यहां किया नहीं जाता है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए तनाव और परेशानियों से भरा रहने वाला है। आपको संतान की नौकरी को लेकर थोड़ा टेंशन में रहेंगी। आपको अपनी कुछ शारीरिक समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचना होगा। आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे, लेकिन आप आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। धन को लेकर यदि आपका कोई काम रुका हुआ था, तो वह आसानी से पूरा हो जाएगा। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृषभ** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आप किसी सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को पुराने निवेश से बेहतर लाभ मिलेगा। आप अपने बिजनेस में भी कुछ बदलाव करने की सोच सकते हैं। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। आपको परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको लेनदेन से संबंधित मामलों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी को धन उधार बहुत ही सोच समझकर दें। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से रिश्तों में कड़वाहट आने की संभावना है। आप अपने पिताजी से किसी कानूनी मामले को लेकर सलाह ले सकते हैं। आपको कोई बेहतर संपत्ति प्राप्त होगी, जिससे आपके धन-धान्य में भी वृद्धि होगी।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप किसी से काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपका कोई पुराना मित्र लंबे समय बाद आपसे मिलने आ सकता है। आप अपने बिजनेस को लेकर कोई बड़ा निर्णय लेंगे। पार्टनरशिप थोड़ा सोच समझकर करें। संतान ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं को आप मिलकर दूर करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपकी कोई रुकी हुई डील फाइनल हो सकती है। आप अपने भाई-बहन से यदि कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आसानी से मिल जाएगी। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। आप किसी से बातचीत बहुत ही सोच समझकर करें, नहीं तो इससे आपके आपसी रिश्तों में कड़वाहट होने की संभावना है। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है, लेकिन आप अपनी ऊर्जा को सही कामों में लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। कार्यक्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है, जिसको लेकर आप काफी उत्साहित रहेंगे। उसमें आपको जूनियर्स का पूरा साथ मिलेगा। कुछ नया करने की कोशिश आपको कामयाब बनाएगी। आप अपने घर किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं।

**तुला** आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस में कामों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आज आप किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहें। आपको अपने धन को लेकर किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा। आपको एक साथ कई काम हाथ लग सकते हैं, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे। आप अपनी शारीरिक समस्याओं को लेकर परेशान रहेंगे, जिनके लिए आप किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श ले। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप शौक और मौज की चीजों पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे। परिवार में आप कुछ नई इलेक्ट्रॉनिक चीजों की खरीदारी कर सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के मान-सम्मान में वृद्धि होगी और किसी नए मेहमान का आगमन होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपको किसी बात को लेकर यदि संशय हो, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे न बढ़ें।

**धनु** आज का दिन आपके लिए अपनी इनकम पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप किसी साइड इनकम को पकड़ सकते हैं, जो आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएगी। आपको अपने खर्चों को कंट्रोल करने की आवश्यकता है। आपकी अपनी पिताजी से किसी बात को लेकर झड़प हो सकती है। आप संतान के मन में चल रही उलझनों को लेकर बातचीत करेंगे, जिससे आप दोनों का रिश्ता पहले से बेहतर होगा। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आपको बिजनेस में मन मुताबिक लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपके ऊपर यदि कुछ कर्ज था, तो उसे भी आप उतारने की पूरी कोशिश करेंगे। आप रोजगार के लिए कुछ नए अवसर प्राप्त कर सकते हैं। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम कर रहे लोगों की कोई बड़ी डील यदि अटकी हुई थी, तो वह फाइनल हो सकती है। परिवार में किसी सदस्य की आपको कोई बात बुरी लगेगी।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको बिजनेस में दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आपको कार्यक्षेत्र में कोई पुरस्कार मिलने की संभावना है। आपको किसी काम को लेकर अचानक यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आपका मन पूजा-पाठ में खूब लगेगा। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे। आपके बॉस से रिश्ते बेहतर रहेंगे और आपका प्रमोशन भी होने की संभावना है।

**मीन** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आप अपने कामों को समय से निपटाने की कोशिश करेंगे। वैवाहिक जीवन भी खुशनुमा रहेगा। संतान आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती है। आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती हैं, जिसमें आपको ध्यान से काम लेना होगा। आपको अपने लेनदेन से संबंधित मामलों को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है।

# सवाल केवल सरकार का नहीं, देश की अस्मिता का है

अमित शर्मा,वरिष्ठ पत्रकार



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हाल ही में जब 28 जुलाई को संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर जानकारी दे रहे थे, ठीक उसी दिन भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के मास्टरमाइंड सहित तीन आतंकवादियों को मार गिराया। जिस अभियान ने सीमाओं के पार भारत की आत्मरक्षा का संदेश दिया, वह एक ओर देशभक्ति और सामरिक साहस का प्रतीक बना तो दूसरी ओर उसे दुर्भाग्यपूर्ण राजनीतिक बहस का केंद्र बनाने की कोशिश हो रही है। न सिर्फ पूरे देश ने बल्कि दुनिया ने भी जिस ऑपरेशन सिंदूर का लोहा माना वहीं विपक्ष सेना के शौर्य पर सवाल उठाता नजर आया। इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण क्या होगा कि भारत की संप्रभुता की हुंकार को लोकतंत्र के मंदिर में बैठ कर 'तमाशा' बताया जाए।

### देश की परवाह थी तो इस बात का करते विरोध

अजीब विडंबना है कि -43 डिग्री सेल्सियस तापमान में डंटे रहकर जो जांबाज हमारे देश की शरहदों की रक्षा कर रहे हैं उनके शौर्य पर सवाल उठाए जा रहे हैं तो कांग्रेस सांसद प्रणीति शिंदे द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को 'तमाशा' बताए जाने पर पूरे विपक्ष के मुंह में दही जम जाता है। क्या वाकई इन्हें देश की परवाह है? अगर ऐसा होता तो देश की सेना के शौर्य और शहादत का मजाक बनाने वाले इस बयान का पूरा विपक्ष विरोध करता न कि यह पूछा जाता कि हमारे कितने फाइटर जेट गिरे? जबकि न सिर्फ अधिकारिक तौर पर बल्कि सैन्य कार्यवाई के जरिए इन सारे सवालों का जवाब पहले ही दिया जा चुका है।

### देश की सुरक्षा को कमजोर करने का प्रयास

जिस अभियान ने भारत की आत्मरक्षा का संदेश पूरी दुनिया को दिया, उस पर विपक्ष के कुछ नेताओं ने जिस गैरजिम्मेदाराना तरीके से सवाल उठाए, वह न केवल सेना का अपमान है बल्कि देश की सुरक्षा को भी कमजोर करने वाली मानसिकता को उजागर करता है। इतना ही नहीं संसद में गृह मंत्री अमित शाह ने खुद 'ऑपरेशन महादेव' में मारे गए आतंकवादियों के बारे में पुष्टि की। ये दरिंदे पहलगाम आतंकी हमले में शामिल थे। इस जानकारी के बाद भी विपक्ष अपने 'एजेंडे' पर ही अड़ा रहा।

### ऑपरेशन सिंदूर: भारत का साहसी प्रतिकार

हालांकि विपक्ष का यह रवैया कोई नया नहीं है। 22 अप्रैल को



हुए पहलगाम हमले में जब निर्दोष नागरिकों की जान गई, तब पूरा देश आक्रोशित था। विपक्ष उस समय भी सरकार पर निशाना साध रहा था 'क्या करेगी सरकार?' लेकिन जब जवाब दिया गया, तो वही लोग सेना की कार्रवाई पर सवाल उठाने लगे। ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। 100 से ज्यादा आतंकी ढेर कर दिए गए। यह कार्रवाई एक सैन्य कौशल का प्रमाण है। सटीक निशाना, शून्य नागरिक हानि और आतंक का सीधा सफाया लेकिन कुछ राजनैतिक दल फिर भी हमेशा की तरह देश की सेना के शौर्य पर सवाल उठाने से नहीं चूके।

### पाकिस्तान को क्लीन चिट या राजनीतिक दुर्भावना?

गृह मंत्री अमित शाह की इस बात में दम है कि 'आतंकियों के पास से पाकिस्तान के वोटर कार्ड, पाकिस्तानी हथियार, पाक निर्मित चॉकलेट मिलते हैं तब भी कुछ लोग पाकिस्तान पर सवाल नहीं करते बल्कि सरकार पर करते हैं। क्यों?' पूर्व गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने इसका जवाब यह कहकर दिया कि 'ये आतंकी स्थानीय हो सकते हैं', न सिर्फ पाकिस्तान को परोक्ष राहत देने की कोशिश की बल्कि भारतीय एजेंसियों की जांच पर भी संदेह जताया। एक वरिष्ठ नेता का ऐसा बयान देश की सुरक्षा नीति के प्रति नासमझी और राजनीतिक हठधर्मिता को उजागर करता है। क्या यह वही चिदंबरम नहीं हैं जिन्होंने 26/11 के बाद ऐसे ही तर्कों से पाकिस्तान की भूमिका को हल्का करने की कोशिश की थी? अखिलेश यादव को किससे सहानुभूति है? जब अखिलेश यादव संसद में गृह मंत्री द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर पूरी जानकारी देने के बाद भी संतुष्ट नहीं होते बल्कि लगातार रोका-टोकी करते हैं तो ये सवाल पाकिस्तान से नहीं, भारत से किए गए प्रतीत होते हैं। क्या अखिलेश भूल गए कि जिन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर वे भरोसा जता रहे हैं वे भारत के खिलाफ कार्रवाई में दोहरी नीति अपनाते हैं? क्या भारत को अपनी सेना की कार्रवाई को भी विदेशी अनुमोदन से जोड़कर देखना चाहिए? गृह मंत्री अमित शाह ने एकदम सटीक जवाब दिया, 'क्या आपकी पाकिस्तान से बात होती है?' यह प्रश्न नहीं, चेतावनी थी उन तमाम सियासी दलों को जो आतंकी मुद्दों पर भी भारत को कठघरे में खड़ा करने से नहीं चूकते।

### सेना की कार्रवाई पर संदेह और आतंक पर मौन क्यों?

विपक्ष की राजनीति अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां आतंकियों के मरने पर उन्हें सबूत चाहिए होता है और देश की सुरक्षा में लगे जवानों की कार्रवाई को 'प्रचार', 'नाटक' या 'राजनीतिक स्टंट' कहकर खारिज किया जाता है। गृह मंत्री का यह कहना कि 'जब आतंकवादी मारे जाते हैं तो आपके चेहरों पर उदासी क्यों होती है?' पूरी तरह सही और प्रासंगिक है। यह आज के उस राजनीतिक वर्ग पर करारा प्रहार है, जो वोटबैंक की राजनीति में राष्ट्रवाद को 'फासीवाद' और देशभक्ति को 'ड्रामा' बताने लगे हैं।

### राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी राजनीतिक एजेंडा?

भारत की विदेश नीति, रक्षा नीति और आतंकरोधी रणनीति को यदि केवल विपक्षी राजनीति की नजरों से देखा गया तो यह न सिर्फ सेना का मनोबल गिराएगा बल्कि शत्रु देशों को भी यह संकेत देगा कि भारत भीतर से विभाजित है। सरकार ने संसद में पूरी पारदर्शिता के साथ सबूत पेश किए, सेना की कार्रवाई को व्यावसायिक कौशल के रूप में दुनिया के सामने रखा लेकिन विपक्ष सिर्फ एक एजेंडे पर अड़ा रहा, 'सरकार को घेरो, चाहे देश की छवि क्यों न दांव पर लगे।' इसमें कोई शक नहीं कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना का पराक्रम है और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण है। यह सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं बल्कि एक वैचारिक युद्ध का भी हिस्सा है जहां एक ओर भारत की सीमाएं हैं और दूसरी ओर वह विचारधारा जो दुश्मन के पक्ष में खड़ी होती है, सिर्फ इसलिए कि सत्ता से दूर रहने की कुंठा उन्हें अंधा कर चुकी है। जो नेता पाकिस्तान की भूमिका पर चुप और अपनी ही सरकार, सेना पर मुखर हैं उनसे यह देश यह पूछना चाहता है कि आप किसका साथ दे रहे हैं? देश का या उस विचारधारा का जो हर बार भारत को भीतर से तोड़ने की कोशिश करती है? हमारी सेना के पराक्रम को बल्कि ऑपरेशन सिंदूर को 'तमाशा' बताए जाने वालों को कटघरे में किया जाना चाहिए क्योंकि इस बार सवाल केवल सरकार का नहीं, देश की अस्मिता का सवाल है।

# कौन उड़ा रहा है उत्तर प्रदेश में दहशत के ड्रोन !

मनोज कुमार अग्रवाल



उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बड़े हिस्से में पिछले कई हफ्तों से ड्रोन को लेकर अफवाहों के चलते दहशत का माहौल गर्मा रहा है । लोगों के बीच अजीब सा डर फैला था।पिछले कई वर्षों से जुलाई अगस्त के इन महीनों में कभी डायन आने कभी महिलाओं की चोटी कटने तो कभी खूनी भेड़ियों के आने की अफवाह हर साल लोगों के लिए परेशानी और दहशत का माहौल बनाती रही है। इस साल रात को उड़ रहे ड्रोन दहशत और अफरा-तफरी फैला रहे हैं।

आजकल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में इ 'ड्रोन लुटेरों' की अफवाहों ने खौफ का माहौल बना दिया है. अमरोहा, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर, हापुड़, संभल, मेरठ और बुलंदशहर जैसे इलाकों में लोग रात में आसमान में चमकती लाइटों को देखकर डरने लगे हैं. सोशल मीडिया पर तेजी से फैली अफवाहों ने इसे 'ड्रोन चोर गिरोह' का नाम दे दिया. स्थानीय लोगों का मानना था कि ये ड्रोन घरों की रेकी कर रहे हैं और फिर चोरी की घटनाएं हो रही हैं. नतीजतन, लोग रातभर लाठी-डंडों के साथ गश्त करने लगे हैं.

व्हाट्सएप ग्रुपों पर ड्रोन और अलर्ट की पोस्ट के साथ हथियारबंद लुटेरों की गतिविधियों तक के वीडियो बिना जांचे-परखे शेयर किए जा रहे थे। यहां तक कि मारपीट की हिसंक घटनाएं सामने आ रही थीं, उसे देखते हुए ड्रोन उड़ाने या उसके दुरुपयोग को लेकर कड़े दिशा-निर्देशों की जरूरत महसूस की जा रही थी। मुरादाबाद, अमरोहा और हापुड़ जैसे इलाकों में ड्रोन जैसी टिमटिमाती लाइटों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जिससे लोगों की आशंका और भी गहरी हो गई. कई जगहों पर लोगों ने खुलेआम दावा किया कि उन्हें ड्रोन दिखे जो देर रात उनके इलाके के ऊपर मंडरा रहे थे. हालांकि बाद में जांच में पता चला कि कुछ मामलों में ये लाइटें पतंगों, कबूतरों या प्लास्टिक बैग पर बंधी हुई थीं. लेकिन तब तक अफवाह इतनी फैल चुकी थी कि लोग हर अजनबी को चोर समझने लगे हैं। इसी संदेह के चलते अमरोहा में दो सगे भाइयों को ग्रामीणों ने केवल इसलिए पीट दिया क्योंकि उन्हें शक था कि वे ड्रोन चोर हैं. बरेली में एक युवक अपनी प्रेमिका से मिलने गया था लेकिन गांववालों ने उसे घेरकर बेरहमी से पीटा. हापुड़ में एक युवती को भीड़ ने चोर समझकर हमला किया. मेरठ में हिंडन नदी के पास हरियाली का सर्वे कर रही एक वैध ड्रोन टीम को भीड़ ने पीटा और पुलिस के हवाले कर दिया. ये सभी घटनाएं महज शक के आधार पर हुईं. बरेली जिले के भोझीपुरा में सबसे दर्दनाक घटना हुई, जहां मानसिक रूप से विकलांग व्यक्ति को 'ड्रोन गिरोह' का सदस्य समझकर पीट-पीटकर मार डाला गया. यह पहली मौत थी जो इस अफवाह की वजह से हुई. सिरौली में एक युवक को दो घंटे तक बेरहमी से पीटा गया, जबकि वह सिर्फ अपनी प्रेमिका से मिलने आया था. इसी तरह, किला इलाके में नोएडा की युवती को खंभे से बांधकर पीटा गया क्योंकि वह रात में फोन पर बात कर रही थी. पुलिस और प्रशासन ने इन घटनाओं को रोकने की कोशिश की. मुरादाबाद पुलिस के अनुसार, सबसे पहले शिकायतें संभल और अमरोहा से आई थीं. उन्होंने स्पष्ट किया कि चोरी और ड्रोन के बीच कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं मिला है. हापुड़ में जांच में पाया गया कि लोगों ने जिन चीज़ों को ड्रोन समझा, वो पतंग या प्लास्टिक बैग थे. वहीं, मुजफ्फरनगर पुलिस ने दो ऐसे युवकों को पकड़ा जिन्होंने कबूतरों पर लाल और हरी लाइटें बांधकर उड़ाए थे, जिससे ड्रोन की अफवाह फैली.ऐसे में योगी सरकार द्वारा बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर पूरी तरह रोक लगाने के साथ नियम तोड़ने वालों पर गैंगेस्टर और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून में कार्रवाई करने का आदेश दिया जाना कानून-व्यवस्था की दृष्टि से अपरिहार्य हो गया था। दुनिया भर में ड्रोन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल निगरानी, सुरक्षा, डिलीवरी और आपात सेवाओं में किया जाता है। लेकिन पिछले कुछ समय से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और रुहेलखंड के इलाके में इस तकनीक का एक अलग ही चिंताजनक चेहरा देखने में सामने आ रहा था, जो अफवाह और भय का कारण बना हुआ था। ऐसा माहौल बन गया था कि ग्रामीण क्षेत्रों में रात में आसमान पर चमकदार लाल-हरी रोशनी कौंधते ही हल्ला मचने लगता था। लोग पूरी रात जागकर लाठी-डंडा लेकर पहरेदारी कर रहे थे। उनका आरोप था कि पहले ड्रोन उड़ता है, फिर संदिग्ध लोगों की गतिविधियां दिखाई देती हैं। ड्रोन का इस्तेमाल चोरी की रेकी के लिए किए जाने की उनकी आशंका लगातार गहराती जा रही थी। पुलिस के हरकत में आने पर लोगों का यही कयास सामने आता था कि ड्रोन उड़ाकर पहले ध्यान भटकाया जाता है, और जैसे ही वह लोग ड्रोन की ओर भागते हैं, गांव में सन्नाटा हो जाता है, जिसका फायदा चोर-बदमाश उठा सकते हैं। इस अफवाह में बेवजह तमाम सामान्य लोग निशाना भी बन रहे थे। अफरा-तफरी के आलम में कई स्थानों पर देर रात घर लौट रहे लोगों के साथ पहरा देने वाले असामाजिक तत्वों द्वारा ड्रोन उड़ाने के शक में अभद्रता व मारपीट की घटनाएं प्रकाश में आ रही थीं। गांवों से लेकर शहरों तक एक-दो स्थानों पर पुलिस ने एलईडी लाइट लगे कबूतर पकड़कर दहशत फैलाने की साजिश का खुलासा भी किया था।इस काम के लिए दो लोगों को हापुड़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर फर्जी ड्रोन पोस्ट डालने वाले 8 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया. ऐसे 15 से अधिक मामलों में रिपोर्ट दर्ज की गई है. प्रशासन ने चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट और आवश्यकता पड़ने पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) भी लगाया जा सकता है. लोगों को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत 112 पर देने के लिए कहा गया है. पुलिस की साइबर सेल ने कई वायरल वीडियो को फर्जी करार देते हुए जांच शुरू की है.

इस मामले से कानून व्यवस्था के लिए उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से यह आदेश दिया गया है कि अफवाह फैलाने या डर पैदा करने की किसी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,इस से लोगों में सुरक्षा का भरोसा पैदा करने के लिए जरूरी हो गया था। ड्रोन के इस्तेमाल को लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कई नियम तय कर रखे हैं। इन नियमों की रोशनी में ही योगी सरकार ने प्रमुख सचिव गृह व पुलिस महानिदेशक को हर जिले में ड्रोन गतिविधियों की समीक्षा कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जाहिर है कि तकनीक का गलत इस्तेमाल करने वालों के साथ सख्ती होनी ही चाहिए और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ की इजाजत किसी को नहीं मिलनी चाहिए।यह भी आशंका है कि आतंकवादी संगठन से जुड़े तत्व इस तरह की अफवाहों के जरिए प्रदेश में अराजकता फैलाने की कोशिश में लगे हुए हैं। सरकार सभी कोण से मामले पर निगाह बनाए हुए है।

# शादी के बाद पहले रक्षाबंधन में मायके पहनकर जाए ये खूबसूरत ऑर्गेंजा साड़ियां, लगेंगी कमाल





आज हम आपको ऑर्गेंजा साड़ियों के डिजाइन के बारे में दिखाने जा रहे हैं। जिनको आप रक्षाबंधन के मौके पर कैरी करके अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं। वहीं आजकल ऑर्गेंजा साड़ी काफी ट्रेंड में भी चल रही हैं। तो आइए देखते हैं इन साड़ियों के डिजाइंस। इस बार 09 अगस्त 2025 को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जा रहा है। ऐसे में शादी के बाद पहला रक्षाबंधन हर लड़की के लिए काफी खास होता है। रक्षाबंधन के मौके पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं। जिसके बाद वह खुद को खूबसूरत बनाने का एक भी मौका नहीं गवाती हैं। ऐसे में लड़की की साड़ी से लेकर गहने, मेकअप और हेयरस्टाइल सब कुछ अट्रैक्टिव होता है। ऐसे में अगर आपकी भी जल्दी शादी हुई है और आप शादी के बाद पहली बार रक्षाबंधन मनाने के लिए मायके जा रही हैं और आपको समझ नहीं आ रहा कि क्या पहनना चाहिए तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऑर्गेंजा साड़ियों के डिजाइन के बारे में दिखाने जा रहे हैं।

जिनको आप रक्षाबंधन के मौके पर कैरी करके अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं। वहीं आजकल ऑर्गेंजा साड़ी काफी ट्रेंड में भी चल रही हैं। तो आइए देखते हैं इन साड़ियों के डिजाइंस

**रेड ऑर्गेंजा साड़ी**-नई-नवेली दुल्हन के लिए लाल रंग काफी ज्यादा अच्छा माना जाता है। ऐसे में आप रक्षाबंधन के मौके पर रेड कलर की ऑर्गेंजा साड़ी कैरी कर सकती हैं। यह साड़ी आपको ग्लैमरस लुक देने का काम करेगी। वहीं रेड कलर की ऑर्गेंजा साड़ी पर सिल्वर कलर के सितारों से वर्क है। वहीं साड़ी का बॉर्डर भी काफी ब्रॉड रखा गया है। इस साड़ी में आपका लुक बेहद प्यारा लगेगा। फेयर स्किन टोन पर यह साड़ी काफी अच्छी लगेगी। इसके साथ आप सिल्वर कलर का स्लीक नेकलेस और स्मॉल झुमकी कैरी कर सकती हैं। वहीं बन हेयर स्टाइल और ग्लॉसी मेकअप से अपने लुक को कंप्लीट करें। बता दें कि 800-1200 रुपए तक में आपको ऐसी साड़ी मिल जाएगी।

**डिजिटल प्रिंट ऑर्गेंजा साड़ी**-आप इस रक्षाबंधन पर डिजिटल प्रिंट ऑर्गेंजा साड़ी पहन सकती हैं। यह आपके लुक को एकदम मॉर्डन लुक देने का काम करेगी। स्काई ब्लू साड़ी के साथ रेड कलर का प्लेन स्लीवलेस आपके लुक में चार चांद लगा देगा। इसमें आपका लुक ज्यादा क्लासी लगेगा। इस तरह की साड़ी के साथ गोल्डन कलर का चोकर नेकलेस और मैचिंग इयररिंग्स कैरी करें। वहीं बैंगिल्स आपके लुक को अधिक इंप्रेसिव बना देंगी। आप चाहें तो इस साड़ी के साथ मांगटीका भी लगा सकती हैं। इसमें आप अपने हेयर स्ट्रेट और मेकअप न्यूड रखें। आप 500-1500 रुपए तक में इस तरह की साड़ियां खरीद सकती हैं।

## सू-दोकू-131

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.130 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## एक नजर

### समाज कल्याण, अंत्यावसायी एवं श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक

**दंतेवाड़ा, 6 अगस्त** । कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में समाज कल्याण, जिला अंत्यावसायी तथा श्रम विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करने को कहा कि समस्त पात्र पेंशनधारियों को पेंशन राशि हर माह की 7 तारीख तक उनके बैंक खातों में डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से प्राप्त हो जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि पेंशन हितग्राहियों के सत्यापन कार्य में तेजी लाई जाए और इसके लिए जनपद पंचायतों तथा नगरीय निकायों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध ढंग से कार्यवाही करते हुए पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जिले के किसी भी क्षेत्र में इस योजना से संबंधित प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए।

### आदिवासी विभाग के तहत चल रहे निर्माण एवं स्वीकृत कार्यों का हुआ मूल्यांकन

**दंतेवाड़ा, 6 अगस्त** । आदिम जाति विकास विभाग अन्तर्गत चल रहे स्वीकृत एवं निर्माण कार्यो के संबंध में आज कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के द्वारा विभागीय बैठक ली गई। बैठक में विभागीय मद अन्तर्गत नाबार्ड पोषित भवन निर्माण कार्य, यथा कन्या/बालक छात्रावास, अतिरिक्त कक्ष निर्माण,बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अन्तर्गत आरसीसी स्लेब पुलिया निर्माण, छात्रावासों में वाटर कूलर प्रदाय, सीसी नाली निर्माण कार्य, मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण कार्य, छात्रावासों के मरम्मत रखरखाव, के अलावा डीएमएफ निधि से स्वीकृत कार्यो के संबंध में कलेक्टर द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए।बैठक में कलेक्टर ने स्वीकृत कार्यों हेतु अग्रिम राशि जारी करने तथा पूर्ण कार्यो का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही सभी निर्माणाधीन कार्यों को समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक आयुक्त श्री राजीव नाग एवं सभी जनपद पंचायत के सीईओ और विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व संचालन पर विशेष बल दिया

**दंतेवाड़ा, 6 अगस्त** । कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार शिक्षा की गुणवत्ता और स्कूल संचालन व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से आज खंड शिक्षा अधिकारी श्री हरीश सिन्हा द्वारा संकुल केंद्र बचेली-01 एवं बचेली-02 के अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला बड़ेपारा बचेली, प्राथमिक शाला पटेलपारा बचेली, पोटाकेबिन प्राथमिक शाला पीएम श्री सरस्वती एवं आदर्श माध्यमिक शाला कन्या आश्रम पीना बचेली का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान श्री सिन्हा ने विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की सहभागिता, मध्यान्ह भोजन योजना, टीएलएम (शैक्षणिक सामग्री) के उपयोग, स्वच्छता व्यवस्था तथा विद्यालय परिसरों की भौतिक स्थिति का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। शिक्षण कार्य में सक्रियता और छात्रों की कक्षा में भागीदारी की सराहना करते हुए उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे बच्चों की बुनियादी दक्षताओं पर विशेष ध्यान दें और मूल्यांकन कार्य नियमित रूप से संपन्न करें।

### लक्ष्मण ठाकुर बने स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष

**दंतेवाड़ा 6 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की जिला चिकित्सालय इकाई का अध्यक्ष लक्ष्मण ठाकुर मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट को मनोनीत किया गया है। संघ के जिलाध्यक्ष चंचल कुमार ने संघ संविधान में प्रदत्त अधिकारों एवं शक्तियों का प्रयोग करते हुए उनका मनोनयन किया है। लक्ष्मण ठाकुर लंबे समय से जिला चिकित्सालय में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट के पद पर पदस्थ हैं। श्री ठाकुर को जिला चिकित्सालय इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने परस्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारियों ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी है।



# कलश एवं शोभायात्रा के बाद शिवमहापुराण कथा ज्ञान यज्ञ शुरू

**सुकमा,6 अगस्त।** सुकमा में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को सर्वप्रथम जिला मुख्यालय स्थित विश्वकर्मा हनुमान मंदिर से ढोल-नगाड़े के कलश यात्रा के साथ भव्य शोभायात्रा निकालकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए कथा स्थल माहेश्वरी भवन पहुंची। जहां कथा वाचक के द्वारा देवी-देवताओं का आह्वान कर विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ कथा का शुभारंभ किया। कथा का आयोजन श्री शिव महापुराण कथा आयोजन समिति सुकमा के द्वारा पहली बार सुकमा आयोजित किया जा रहा है। श्री शिव महापुराण कथा की शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल हुए।



उत्तर प्रदेश बिजनौर से पधारे कथा व्यास श्री महंत श्री राधेश्याम व्यास जी महाराज ने पहले दिन प्रसंग वचन करते हुए श्री शिव महापुराण कथा को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण कथा सुनने से मनुष्य के पूर्व जन्मों के सभी पापों को दूर करके शिव कृपा का मार्ग प्रशस्त करती है। भगवान शिव की कथा से शरीर, वाणी, मन द्वारा किए गए पाप धूल जाते हैं। जो व्यक्ति भगवान शिव की पूजा करता है उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। कथा आयोजन शुक्रवार से प्रारंभ होकर 07 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 03 बजे से संध्या 06 बजे तक संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा होगा।

**कथा भक्तों में उत्साह :**-सावन के महीने में पहली बार सुकमा में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर भक्तों में काफी उत्साह है, क्योंकि सावन का माह भगवान शंकर को समर्पित है, इसलिए इस मौके पर श्री शिव महापुराण का आयोजन होने से श्रद्धालु जन भक्ति भाव से सराबोर हैं।

आयोजन समिति के सदस्य अनिल टावरी ने बताया कि आज से 07 अगस्त तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कलश व शोभा यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। आगामी 7 दिनों तक इसी तरह से कथा का आयोजन जारी रहेगा। उन्होंने अपील करते हुए अधिक से अधिक संख्या में शिव भक्तों शामिल होकर इस कथा का श्रवण कर, इसका लाभ प्राप्त करें।

# बिजली बिल हॉफ योजना बंद करना जनता पर अत्याचार : दीपक बैज



**जगदलपुर, 6 अगस्त।** संभाग मुख्यालय राजीव भवन में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी ने संबोधित किया। पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी ने कहा साय सरकार द्वारा बिजली बिल आधा योजना को बंद किया जाना जनता के ऊपर अत्याचार है।साय सरकार ने मात्र 100 यूनिट के भीतर की खपत वाले का ही बिजली बिल हॉफ करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के अधिसंख्यक उपभोक्ता बिजली बिल हॉफ योजना से वंचित हो गये है। वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट का छूट भी नहीं मिलेगा।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी ने कहा कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में लगभग प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रु. तक की बचत हुई है।कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किये गये 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ के दायरे में प्रवेश का लगभग हर उपभोक्ता आता था। किसी को बिजली का खपत मान ली 600 यूनिट था उससे ज्यादा भी था तो उसके पहले 400 यूनिट तक की खपत पर बिजली बिल आधा हो जाता था. शेष पर ही उसको पूरा बिल देना पड़ता था।कांग्रेस सरकार के इस फैसले का विरोध करती है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी ने कहा पिछले माह ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाया था। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई थी। डेढ़ साल के भीतर साय सरकार ने घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोत्तरी की है।भाजपा सरकार बनने के बाद आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं।

### शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लगाए गए पौधे

**दंतेवाड़ा, 6 अगस्त** । शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में ''एक पेड़ मां के नाम'' महाविद्यालय में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जन भागीदारी अध्यक्ष श्री राहुल असरानी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के एम.प्रसाद, कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिनेश लहरी, श्री दुष्यंत तारम, प्राध्यापक डॉ शिखा सरकार डॉ रत्ना बाला मोहंती तथा सहायक प्राध्यापक डॉ. अंजली कश्यप, सुश्री धारणा ठाकुर, श्रीमती रेशमा एक्का, श्री बंशीधर चौहान, श्रीमती सरला पैकरा, श्री सिद्धार्थ देवांगन, श्री अमित साहू, सुश्री अंजलि मिंज, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. भारती रजक, सहित समस्त अतिथि व्याख्याता कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण किया। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि ''एक पेड़ मां के नाम'' पूरे भारतवर्ष में इस कार्यक्रम को किया जा रहा है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने कोंडागांव व फरसगांव में अस्पतालों का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव, 6 अगस्त।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज कोंडागांव जिले के प्रवास के दौरान जिला चिकित्सालय कोंडागांव एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फरसगांव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मरीजों से बातचीत कर हाल चाल जाना और वहां मिल रहे चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों का बेहतर ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए स्वास्थ्य मंत्री ने जिला अस्पताल कोंडागांव में 80 लाख रुपए की लागत से ऑपरेशन थिएटर निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उनके



साथ बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष श्री दीपक म्हस्के, स्वास्थ्य सचिव श्री अमित कटारिया और कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना भी उपस्थित थी। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला चिकित्सालय में आपातकालीन चिकित्सा कक्ष, मेजर ओटी वार्ड, सर्जिकल वार्ड सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाएं, दवाईयों की उपलब्धता, साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाले भोजन, मेडिकल स्टाफ सहित अन्य आवश्यक जानकारी ली। जिला अस्पताल में चल रहे मरम्मत कार्य के प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने सीजीएमएससी के अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय में मरीजों की संख्या को देखते हुए बेड की संख्या बढ़ाने और नये ऑपरेशन थिएटर निर्माण कराने की बात कही। इसके पश्चात उन्होंने मातृ शिशु चिकित्सालय में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के सोनोग्राफी कक्ष में पहुंचकर कार्य के बारे में जानकारी ली और व्यवस्थित सोनोग्राफी कार्य के लिए आवश्यक व्यवस्था हेतु निर्देशित किया।

# अवैध शराब ले जाते युवक गिरफ्तार



**खरोरा, 5 अगस्त।** खरोरा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को रंगे हाथों पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक बोरी में छिपाकर रखे गए 45 पौवा देशी मदिरा मसाला बरामद किए गए हैंए जिसकी कुल मात्रा 8 लीटर 100 मिली और बाजार मूल्य 4.500 रुपए आँका गया है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामकुमार धीवर ;उम्र 34 वर्षद्धए निवासी भण्डारपुरी सोसायटी पाराए थाना खरोरा के रूप में हुई है। वह ग्राम सिर्री के डबरी पार क्षेत्र में शराब बेचने की फिराक में था।यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेंद सिंह के दिशा.निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण मेंए थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में की गई।मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्यवाही करते हुए आरोपी को पकड़ा। आरोपी के पास से बरामद शराब के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 513ध्25ए धारा 34;2द्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज करए उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

खरोरा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आसपास कहीं भी अवैध शराब की बिक्रीए परिवहन या संग्रहण की सूचना मिले तो तुरंत स्थानीय थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें। जानकारी देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# रक्षाबंधन की अनोखी परंपरा, शहीद भाई को सबसे पहले बांधी जाती है राखी

**जशपुर, 6 अगस्त।** इस साल 9 अगस्त 2025 को देश भर में भाई-बहन का त्योहार रक्षाबंधन मनाया जाएगा. इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा का धागा बांधती हैं, लेकिन लेकिन छत्तीसगढ़ में एक ऐसा गांव है जहां रक्षाबंधन का त्योहार कुछ अलग ढंग से मनाया जाता है. यहां गांव की सभी बहनें सबसे पहले एक शहीद भाई को राखी बांधती हैं. यह परंपरा सालों से चली आ रही है।

जशपुर के फरसाबहार विकासखंड के ग्राम पेरवाआरा की बहनों ने अपने उस भाई को सबसे पहले राखी बांधी जिसने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया. पेरवाआरा में शहीद बशील टोप्पो की प्रतिमा बनी हुई है. बता दें कि बशील टोप्पो, जो इस गांव के निवासी थे, 19 अगस्त 2011 को नक्सली मुठभेड़ में शहीद हो गए थे. उनकी याद में गांव के स्कूल चौक के पास एक प्रतिमा स्थापित की गई है. रक्षाबंधन के अवसर पर गांव की सभी बहनें थाल सजाकर प्रतिमा स्थल पर पहुंचती हैं. बशील टोप्पो की प्रतिमा को राखी बांधकर तिलक लगाती हैं और उनकी आरती उतारती हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि बशील टोप्पो की शहादत के बाद ग्रामीणों और शहीद के परिवार वालों की ओर से यह प्रतिमा स्थापित की गई थी. पहली बार साल 2012 में गांव की बहनों ने पहली राखी अपने शहीद भाई को बांधी थी. तब से यह परंपरा हर साल रक्षाबंधन पर निभाई जा रही है. बशील टोप्पो की प्रतिमा के साथ गांव के सभी त्योहार भी मनाए जाते हैं।

### शहीद महेंद्र कर्मा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, उनके बताए हुए रास्तों पर चलने का लिया संकल्प

# महेन्द्र कर्मा की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

**दंतेवाड़ा 6 अगस्त।** बस्तर टाईगर शहीद महेन्द्र कर्मा की आज 76 वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर उनके गृहग्राम फरसपाल में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक देवती महेन्द्र कर्मा द्वारा स्व. महेन्द्र कर्मा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्व. कर्मा के सुपुत्र वरिष्ठ नेता छविन्द्र कर्मा, सुपुत्री जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा, सुलोचना कर्मा ने भी उनकी शहादत को नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं गायत्री मंदिर स्थित शहीद महेन्द्र कर्मा प्रतिमा पर कांग्रेसियों ने माल्यार्पण कर स्व. कर्मा के दिखाए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व विधायक देवती कर्मा ने कहा कि बस्तर में शांति-



बहाली के लिए स्व. कर्मा ने अपना सर्वस्त न्यौछावर कर दिया। जल, जंगल, जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए वे सदैव लड़ते रहे। शहीद महेन्द्र कर्मा का जीवन हम सभी को अपने अधिकारों की रक्षा में प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा देता है। छविन्द्र कर्मा ने कहा कि पिताजी का स्नेह, त्याग और मार्गदर्शन हमारे लिए जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। भले ही आज वह हमारे बीच नहीं है परंतु उनके दिए हुए संस्कार और आदर्श आज भी हमें सही राह दिखाते हैं। तुलिका कर्मा स्व. महेन्द्र कर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका आर्शीवाद हमें जीवन में आगे बढ़ने की शक्ति देता है साथ ही उनके सिखाएं हुए मार्ग पर ही चलना उन्हें हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने हमेशा दलगत राजनीति से ऊपर उठकर बस्तर में शांति बहाली के लिए कार्य किया। जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने कहा कि शहीद महेन्द्र कर्मा ने जो सपना देखा था उन्हें पूरा करना अब हमारी जिम्मेदारी है। आपसी भाईचारे व खुशहाल बस्तर का सपना लेकर वह चले थे, जिसे अब हमें पूरा करना है। इस दौरान प्रवीण राणा, विमल सलाम, सुमित्रा सोरी, इंदिरा शर्मा, इंद्रा ठाकुर, रिंकी वेंजाम, एन नागराज, गणेश दुर्गा, रितेश जैन, रानू राव, संजय विश्वकर्मा, त्रिशांक ठाकुर, जीतू कश्यप समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।स्व शहीद महेंद्र कर्मा की जयंती पर तुलिका कर्मा ने सक्षम के बच्चों के बीच पहुंची। यहां पहुंच उन्होंने सक्षम के बच्चों को भोजन कराया साथ ही स्व.कर्मा के याद में टिफिन बॉक्स का वितरण किया। वहीं सुलोचना कर्मा ने हारम पारा स्थित वृद्धाआश्रम पहुंच फल वितरण किया साथ ही कासोली बालक आश्रम पहुंच बच्चों को भी फल वितरण किया।

## समाचार संक्षेप

### उत्कृष्ट सदस्यता दीप से सम्मानित हुए अरूण भदौरिया



**सुकमा,6 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी की और से चलाए गए सदस्यता कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने वाले और कोंटा विधानसभा से अरूण सिंह भदौरिया एकमात्र भाजपा नेता है। जिन्होने सबसे ज्यादा सदस्य को जोड़ने का काम किया है उनका मुख्यमंत्री निवास में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उत्कृष्ट सदस्यता दीप से सम्मान किया।जिले की एकमात्र कोंटा विधानसभा जहां वर्ष 2024-25 में भाजपा द्वारा चलाए गए सदस्यता अभियान में अरूण सिंह भदौरिया ने सबसे ज्यादा कार्यकर्ताओं को आनलाइन पार्टी से जोड़ा। जिसके बाद राजधानी में मुख्यमंत्री निवास जहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह प्रदेष अध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय सगठन मंत्री ,अजय जामवाल संगठन महामंत्री पवन साय द्वारा उत्कृष्ट सदस्यता दीप से अरूण सिंह भदौरिया को सम्मानित किया, उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे मौजूद रहे। अरूण सिंह भदौरिया ने कहा कि हमेषा से पार्टी ने जो कार्य दिया उसे बड़ी जिम्मेदारी के साथ किया हूं। आगे भी पार्टी के आदेषों को ध्यान में रखते हुए काम करूंगा। सुकमा जैसे जगहों पर भाजपा सरकार बनने के बाद विकास कार्य हो रहे है। ऐसे इलाके जहां मोबाइल तक नहीं था उन इलाकों में नेटवर्क स्थापित किए गए। सुकमा के अधिकांष हिस्सों में विकास कार्य तेजी से चल रहे है। केन्द्र में मोदी और प्रदेष में विष्णु सरकार जनहित में कार्य कर रही है। जिसका असर सुकमा जैसी जगहों में देखने को मिल रहा है। ये मेरा सम्मान नहीं है बल्कि कोंटा विधानसभा के समस्त कार्यकर्ताओं का सम्मान है।

### सावन मिलन उत्सव में छाया दीपिका शोरी का जनसेवा भाव



**सुकमा,6 अगस्त।** श्रावण मास की पावन बेला में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य और अधिवक्ता दीपिका शोरी द्वारा सुकमा जिले के छिंदगढ़ मुख्यालय स्थित शिव मंदिर में सावन मिलन उत्सव÷ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी समाजों की प्रमुख महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सावन के इस मांगलिक अवसर को सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के प्रतीक के रूप में मनाया।

दीपिका शोरी प्रत्येक वर्ष सावन मास में सुकमा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के आयोजन कर महिलाओं को प्रसाद स्वरूप सुहाग के वस्त्र एवं सामग्री जैसे चूड़ी, बिंदी, मेहंदी,आलता,सिंदूर,मिस्ठान, आदि भेंट करती हैं। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जुड़ाव और सांस्कृतिक समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में उनका अभिनव प्रयास है।दीपिका शोरी न केवल एक संवेदनशील सामाजिक कार्यकर्ता हैं, बल्कि एक प्रेरणादायी नेतृत्वकर्ता भी हैं, जो निरंतर समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ी महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने में जुटी हैं। चाहे महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने की बात हो या जरूरतमंदों के लिए राहत व कानूनी सहायता, दीपिका हर मोर्चे पर सक्रिय नजर आती हैं। सावन मिलन उत्सव के माध्यम से दीपिका शोरी त्योहारों को सिर्फ उत्सव नहीं, एक सामाजिक दायित्व के रूप में देखती हैं। इस आयोजन में भाग लेने वाली महिलाओं ने भी दीपिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि दीपिका जी हर साल हमसे इसी तरह जुड़ती हैं।

### सरपंच की हत्या करने वाले माओवादी को पुलिस ने पकड़कर जेल भेजा



**सुकमा,6 अगस्त।** गिरफ्तार नक्सली को जन अदालत लगाकर थाना जगरगुंडा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत के सरपंच को पुलिस मुखबिरी के आरोप लगाकर कर हत्या करने की घटना में शामिल रहा है। गिरफ्तार नक्सली की गिरफ्तारी के लिए माननीय विशेष न्यायालय दंतेवाड़ा द्वारा जारी किया गया है जेल वारंट।उक्त नक्सली को गिरफ्तार करने में थाना जगरगुण्डा पुलिस बल एवं कैम्प बेदरे 165 वाहिनी सीआरपीएफ की रही है संयुक्त कार्रवाई। जिला सुकमा में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। मुखबिर के आसूचना पर 05 अगस्त 2025 को थाना जगरगुण्डा से तोमेश वर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जगरगुण्डा हमराह जिला बल एवं कैम्प बेदरे से सहायक कमाण्डेन्ट राजेश सिंह 165 वाहिनी सीआरपीएफ बल की संयुक्त पार्टी ग्राम दुरनदरभा, बेदरे व आस-पास क्षेत्र की ओर केसो ड्यूटी/नक्सली आरोपियों की धरपकड़ हेतु रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान ग्राम दुरनदरभा के जंगल से थाना जगरगुण्डा के प्रकरण में फरार चल रहे मिलिशिया स्थायी वारंटी नक्सली हेमला बिच्चेम पिता सुकलू उम्र लगभग 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी दुरनदरभा, थाना जगरगुण्डा जिला सुकमा (छ0ग0) को पकड़ा गया। पकड़े गये नक्सली आरोपी 13 जूलाई 2024 को थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत के ग्राम पंचायत के सरपंच को पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर अपहरण कर जन अदालत लगाकर हत्या करने की घटना में शामिल रहा है, घटना के संबंध में जगरगुण्डा में अपराध क्रमांक 11/2024 धारा 147, 148, 149, 302, 364, 506, भादवि. 38, 39, 16 (क) विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध है। उक्त प्रकरण में माननीय विशेष न्यायालय दंतेवाड़ा द्वारा आरोपी हेमला बिच्चेम की गिरफ्तारी हेतु जेल वारंट जारी किया गया था, जिसे तामिल कर आज 05 अगस्त 2025 को माननीय विशेष न्यायालय दंतेवाड़ा के समक्ष पेश किया गया, जहां से वारंट मिलने पर जेल भेजा गया।

### महतारी वंदन योजना बनी महिलाओं के लिए सहारा

रायपुर, 6 अगस्त। महतारी वंदन योजना आज उन जरूरतमंद महिलाओं के लिए संबल बनकर उभरी है, जो आर्थिक अभाव और पारिवारिक चुनौतियों का सामना कर रही हैं।राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना आज उन जरूरतमंद महिलाओं के लिए संबल बनकर उभरी है, जो आर्थिक अभाव और पारिवारिक चुनौतियों का सामना कर रही हैं। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह 1000 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे न केवल उनकी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो रही है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और सम्मान की भावना भी बढ़ी है।जिले की जरहाभाठा मिनी बस्ती निवासी श्रीमती शिवानी पटेल और श्रीमती अहिल्या बाई भी उन्हीं महिलाओं में शामिल हैं, जिनके जीवन में यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। शिवानी पटेल बताती हैं कि घर की जिम्मेदारियाँ और बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाना पहले उनके लिए बेहद कठिन था।

# रायगढ़ से निकलकर ओडिशा पहुंचा बाघ



**रायगढ़, 6 अगस्त।** जिले में बाघ के पदचिन्ह मिलने के बाद वन विभाग की टीम लगातार ट्रैकिंग कर रही है। हालांकि, अब तक किसी ने बाघ को स्पष्ट रूप से देखा नहीं है। जानकारी के अनुसार, यह बाघ लैलूंगा रेंज के जंगल से ओडिशा की ओर आगे बढ़ गया है, जहां ओडिशा के जंगलों में भी उसी वन्यप्राणी के पदचिन्ह देखे गए हैं।

दरअसल, बाघ के पदचिन्ह सबसे पहले 29 जुलाई को छाल रेंज के हाटी गांव में देखे गए थे। इसके बाद यह पुरुंगा, सामरसिंघा होते हुए लैलूंगा रेंज की ओर बढ़ा। सोमवार को इसके पदचिन्ह नहरकेला और गेरूपानी के पास मिले।

वन विभाग ने अनुमान लगाया था कि, यदि बाघ आगे बढ़ता है, तो वह ओडिशा की सीमा में प्रवेश करेगा। यदि लौटता है, तो तमनार रेंज की ओर आएगा। अब यह स्पष्ट हो चुका है कि बाघ लिबरा बीट के जुमना जंगल को पार कर ओडिशा के जंगल में पहुंच गया है। इस जानकारी के बाद धरमजयगढ़ वन मंडल के अधिकारियों ने ओडिशा के वन विभाग को इस बारे में सूचना दी है।

### ट्रैप कैमरा और ड्रोन से खोज जारी

लैलूंगा क्षेत्र में बाघ की उपस्थिति की पुष्टि के लिए वन विभाग ने 10 ट्रैप कैमरे लगाए थे। संभावित जगहों जैसे गेरूपानी, नहरकेला और आसपास के इलाकों में कैमरे लगाए गए थे। हालांकि, सोमवार सुबह जब इन कैमरों की जांच की गई, तो किसी भी कैमरे में बाघ की तस्वीर नहीं मिली। इसके साथ ही ड्रोन के माध्यम से भी बाघ को खोजने का प्रयास किया गया, लेकिन वह भी असफल रहा।

बाघ के पदचिन्ह मिलने के बाद वन विभाग ने गांव-गांव में मुनादी कराई है, ताकि कोई जनहानि न हो। हालांकि बाघ अब ओडिशा के जंगल में प्रवेश कर चुका है, फिर भी ओडिशा की सीमा से लगे गांवों में भी मुनादी कराकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### एसडीओ बोले- अफवाहों से बचें

लैलूंगा सबडिवीजन के एसडीओ एम.एस. सिदार ने बताया कि, अभी तक किसी ने बाघ को प्रत्यक्ष रूप से नहीं देखा है, इसलिए अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि बाघ की पुष्टि के लिए ट्रैप कैमरे लगाए गए थे, लेकिन उनमें भी बाघ की तस्वीर नहीं आई है। अब बाघ लैलूंगा के जंगलों से आगे ओडिशा की ओर बढ़ चुका है। इस बारे में ओडिशा के वनकर्मियों को सूचना दे दी गई है।

## मोर गांव मा पानी अभियान चलाया जा रहा

**महासमुंद, 6 अगस्त ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में महासमुंद जिले में जल संरक्षण को लेकर मोर गांव मा पानी अभियान अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशों के अनुरूप जिले में जन भागीदारी और विभागीय समन्वय से जल संचय के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है, जो अब मूर्त रूप ले रहा है।इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वित प्रयासों से स्कूलों, आंगनवाड़ियों, पंचायत भवनों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में जन सहयोग से सोखता गड्ढों का निर्माण किया जा रहा है। ÷मोर गांव मा पानी÷ अभियान का उद्देश्य सिर्फ जल संचय नहीं, बल्कि जन-जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाना भी है।अब तक जनभागीदारी से कुल 05 हजार सोखता गड्ढों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है और तेजी से इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही 125 इंजेक्शन वेल के माध्यम से भूमिगत जल का पुनर्भरण किया जा रहा है।

पौधारोपण



**सिमगा।** सिमगा नगर पालिका के प्रथम नागरिक अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया राजू भटिया व सीएमओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी रमा कांत साहू नगर पालिका सिमगा दोनों ने मिलकर सिमगा नगर भ्रमण किया तिल्दा रोड में डिवाइडर के पास सफाई करवाई व तिल्दा रोड के डिवाइडर पर पुष्प वृक्षारोपण भी की जिसमें कुछ के नाम मोंगरा, गेंदा, कनेर पलास हैं।

## एक नजर

### स्कूलों के आसपास तम्बाकू उत्पाद बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

**कांकेर, 6 अगस्त।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्कूलों व सार्वजनिक स्थलों के आसपास ठेले, गुमटियों में तम्बाकू और उससे निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पाद बेचे जाने की शिकायतें अक्सर मिलती हैं। बच्चों को किसी प्रकार के नशे की लत ना पड़े, इसलिए सभी अनुविभागीय अधिकारी कोटपा एक्ट के तहत सख्ती से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें।कलेक्टर द्वारा जिले में नशे के विरुद्ध अभियान चलाते हुए सतत् चालानी कार्यवाही करने, जिले के सभी कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त किये जाने के साथ-साथ यथाशीघ्र जिले को धूम्रपान मुक्त किये जाने के निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग की समीक्षा बैठक में कोटपा 2003 के विषय को भी शामिल करने तथा जिले के समस्त कार्यालयों में तम्बाकू नियंत्रण के लिए नोडल अधिकारी के नामांकित करने के निर्देश दिए गए।

### पर्यटन को बढ़ावा देने के इच्छुक लोगों से 7 अगस्त तक आवेदन

**जगदलपुर, 6 अगस्त ।** भारत सरकार द्वारा आदिवासी क्षेत्रो में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना एवं प्रधानमंत्री जनजाती उत्कर्ष ग्राम अभियान के तहत् होम-स्टे के विकास तथा बस्तर जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं स्थानीय व्यक्तियों को स्वरोजगार व आय के साधन उपलब्ध कराने हेतु पर्यटन क्षेत्र के समीप आदिवासी ग्रामों में होम-स्टे संचालन हेतु इच्छुक अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों से 07 अगस्त 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। चयनित व्यक्तियों को होम-स्टे हेतु नये कमरे बनाने हेतु 5 लाख रूपए तक एवं पूर्व से संचालित होम-स्टे में सुधार हेतु 3 लाख रूपये तक की सहायता प्रदाय की जाएगी। होम-स्टे हेतु प्रस्तावित भूमि संबंधित व्यक्ति के कब्जे व भू-स्वामित्व का होना अनिवार्य है। पूर्व में होम-स्टे संचालनकर्ता, महिलाओं व पर्यटन क्षेत्र में पूर्व से जुड़े व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय कलेक्टर बस्तर के सामान्य शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

### 15 अगस्त तक देशभक्ति की भावना पर आधारित हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**महासमुंद, 6 अगस्त।** भारतीय ध्वज तिरंगा राष्ट्र का प्रतीक है। इस 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ÷हर घर तिरंगा÷ कार्यक्रम का आयोजन 02 से 15 अगस्त, 2025 तक तीन चरणों में (किया जा रहा है। जिसमें प्रथम चरण 02 से 08 अगस्त, द्वितीय चरण 09 से 12 अगस्त, तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त 2025 आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर आधारित होगा। इसके अंतर्गत सभी भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में वृद्धि हो। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग ने छत्तीसगढ़ के सभी कलेक्टरों को गतिविधियाँ संचालित करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए है।कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार, जिला स्तरीय अधिकारी सहित जिले के जनपद सीईओ एवं सीएमओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 02 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में हर घर तिरंगा अभियान पूरी गरिमा के साथ झंडा संहिता का पालन करते हुए मनाया जाए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ से कहा कि प्रत्येक वार्ड या ग्राम में तिरंगे झंडे की पर्याप्त उपलब्धता हो, शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्व-सहायता समूहों के माध्यम से व्यवस्था की जाए। साथ ही सभी कार्यालयों एवं घरों में तिरंगा फहराने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही आम नागरिकों को भी डाकघरों से झण्डा क्रय करने प्रोत्साहित करें।कलेक्टर ने कहा कि जिले में तिरंगा यात्रा पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना से मनाया जाए। इसमें सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो।

## अशोक पत्रकार बने चेंबर के प्रदेश उपाध्यक्ष,जताया आभार



**खरसिया,6 अगस्त।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा प्रदेश कार्यकारणी की घोषणा की गई है। जिसमे खरसिया से अशोक अग्रवाल (पत्रकार) को लगातार दूसरी बार प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। विगत कार्यकाल में भी इन्हे प्रदेश संगठन में महत्वपूर्ण जिमेदारी दी गई थी।

नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल (पत्रकार) को यह जानकारी बाबा बैद्यनाथ कांवड़ यात्रा के दौरान मिली तथा कांवड़ यात्रा से आते ही उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है की उक्त महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मैं भूतपूर्व चेंबर अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी जी, प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी जी, निर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष भाई सुशील रामदास एवं निर्वाचित प्रदेश मंत्री भाई शक्ति अग्रवाल एवं सभी व्यापारी भाईयो को धन्यवाद देता हूं। आगे अशोक अग्रवाल ने कहा की प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी का व्यापारिक हित में काम करते हुए पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा तथा बहुत जल्द पूरे जिले में सदस्यता अभियान चलाएंगे जिससे ज्यादा से ज्यादा व्यापारियों को चैंबर से जोड़ा जा सके। चैंबर के प्रदेश उपाध्यक्ष बनते ही नगर एवं जिले सहित पूरे प्रदेशवासियों द्वारा अशोक पत्रकार को लगातार बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की जा रही है।

## गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से लगी आग में सब जलकर खाक

**कवर्धा, 6 अगस्त।** शहर के लोहारा रोड स्थित दुर्गा मंदिर के पास बुधवार तड़के सुबह करीब 5 बजे एक चाय दुकान में गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इस धमाके के चलते दुकान में भीषण आग लग गई जिससे आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। ब्लास्ट की तेज आवाज से पूरी कॉलोनी दहल उठी और लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। गनीमत यह रही कि घटना के समय दुकान में कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि आग की चपेट में आने से दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने के बाद तुरंत स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी जिसके बाद दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ब्लास्ट की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के घरों की खिड़कियां भी हिल गईं। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें आग और धुएं के गुबार साफ दिखाई दे रहे हैं। प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट की वजह से गैस सिलेंडर में विस्फोट होने की आशंका जताई जा रही है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने 12 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे

**रायगढ़, 6 अगस्त।** राज्य शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा तीन दिवसीय बने खाबो-बने रहिबो' अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम, सुरक्षित एवं स्वच्छ भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा स्ट्रीट फूड विक्रेताओं और आम नागरिकों को जागरूक करना है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा 04 अगस्त को जिला मुख्यालय रायगढ़ समेत लैलूंगा, घरघोड़ा एवं तमनार विकासखंडों में सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान मिठाई, डेयरी उत्पाद एवं तैयार खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच की गई तथा संदेहास्पद 12 खाद्य नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया।

जिला खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय रायगढ़ में श्रीराम डेयरी से खोवा, दही एवं पनीर के नमूने संकलित किए गए। आशुतोष रेस्टोरेंट से खोवा, मीठी बूंदी एवं सेव-फल्ली दाना मिक्चर के नमूने लिए गए। इसी तरह लैलूंगा विकासखंड मुख्यालय अंतर्गत वंदना एवं ऋषि रेस्टोरेंट लैलूंगा से साढ़े तीन किलो खराब मावा मिठाई नष्ट कराई गई तथा गुलाबजामुन का नमूना लिया गया। बजरंग होटल से पनीर एवं खोवा पेड़ा का नमूना संकलित किया गया। विनोद होटल व विनेक कुमार होटल लारीपानी में निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। घरघोड़ा विकासखंड मुख्यालय अंतर्गत राजपूत होटल में निरीक्षण किया गया एवं शासन के गाइड लाइन का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। मोना स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट से रसगुल्ला एवं मोतीचूर लडडू के नमूने जांच हेतु लिए गए। तमनार विकासखंड अंतर्गत मां बंजारी होटल तराईमाल से नारियल बर्फी का नमूना संकलित किया गया।

## नावापारा पूर्व में सचिव के खिलाफ ग्रामीणों ने बोला हल्ला



रायगढ़, 6 अगस्त। खरसिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत नावापारा पूर्व में 15 साल से डटे पंचायत सचिव मनोज कुमार डनसेना के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फट पड़ा है। गुस्साए ग्रामीणों ने जिला पंचायत रायगढ़ के सीईओ को ज्ञापन ठोककर सचिव को फौरन हटाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि ये सचिव भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका है और गांव का बंटाधार कर रहा है।

आज गांव में लंबे अरसे बाद एक शिविर कैंप लगाए जिसे ग्रामीण सचिव को बचाने की चाल बता रहे हैं। अतिरिक्त सीईओए जो शिविर में पहुंचेए ने जनपद सीईओ के आदेश का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने कहाए ष्मुझे सिर्फ कैंप लगाने को कहा गयाए सचिव को हटाना मेरे बस की बात नहीं। ग्रामीणों ने पूछा कि आखिरी कैंप कब लगा थाए तो अधिकारी ने टालमटोल कर दी।

ग्रामीणों का इल्जाम है कि मनोज डनसेना पंचायत में टस से मस नहीं होताए काम के लिए किरीतमाल बुलाता है और शासकीय योजनाओं का लाभ देने के लिए जेब गरम करने की डिमांड करता है। जो पैसे नहीं देताए उसे बार.बार चक्कर कटवाता है। गांव में बोरिंग का जलस्तर गिरने से पानी का हाहाकार मचा हैए लेकिन सचिव समय नहीं का राग अलापकर टरका देता है। गांव वाले अब आर.पार की लड़ाई के मूड में हैं। उन्होंने चेताया कि अगर सचिव को जल्दी नहीं हटाया गयाए तो पूरा गांव जनपद सीईओ के दफ्तर के बाहर धरना देगा। ग्रामीणों का कहना हैए श15 साल से ये सचिव कुंडली मारकर बैठा हैए अब बस बहुत हुआ!य जिला पंचायत प्रशासन की चुप्पी से ग्रामीणों का गुस्सा और भड़क रहा है।

## आईआईटी गांधीनगर के शिक्षक सलाहकार समिति के सदस्य बने नैमिष पाणिग्राही



रायगढ़, 6 अगस्त। शिक्षा गुणवत्ता अभियान उत्कर्ष-छू लो आसमान में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन और सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। आईआईटी गांधीनगर में केमिस्ट्री टीचर एडवाइजरी बोर्ड का सदस्य बनाने के लिए देश भर के केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, सीबीएसई बोर्ड, सभी राज्य बोर्ड सहित प्राइवेट विद्यालयों से भी शिक्षकों का चयन करने के लिए उनका बायोडाटा मंगाया गया था, साथ ही उनके क्लास एक्टिविटी को जानने के लिए शॉर्ट वीडियो लेक्चर भी मंगाए गए थे। अंतिम चरण में शॉर्ट लिस्ट हुए शिक्षकों का इंटरव्यू लिया गया। तत्पश्चात सभी मानकों और पैमाने को देखते हुए देश भर से कुल दस चयनित शिक्षकों को आईआईटी गांधीनगर के सीसीएल (सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग ) में आमंत्रित किया गया। देश भर से चयनित दस शिक्षकों में से छत्तीसगढ़ राज्य से भी रायगढ़ जिले से एक व्यख्याता का चयन हुआ, नैमिष कुमार पाणिग्राही जो कि रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर में रसायन विषय के व्याख्याता हैं। नैमिष पाणिग्राही केमिस्ट्री टीचर एडवाइजरी बोर्ड में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले न केवल पहले सदस्य हैं बल्कि देश भर से चयनित सभी शिक्षकों में से सबसे युवा शिक्षक भी बन गए हैं।नैमिष पाणिग्राही, व्यख्याता का आईआईटी जैसे संस्थान के टीचर एडवाइजरी बोर्ड में चयन होना न केवल पुसौर विकासखंड के लिए बल्कि रायगढ़ जिले के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव का विषय है।

## भारी वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से बढ़ा दुर्घटना का खतरा



किरन्दुल , 6 अगस्त। किरन्दुल औद्योगिक नगर में भारी और हल्के वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग दिनोंदिन गंभीर समस्या का रूप लेती जा रही है। बीटीओए कार्यालय से लेकर चार नंबर, बस स्टैंड चौक एवं लोडिंग कांटा तक मुख्य मार्ग के दोनों ओर बेतरतीब खड़े छोटे-बड़े वाहनों से दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रोजाना इस मार्ग से हजारों लोग पैदल और वाहन से गुजरते हैं, लेकिन अव्यवस्थित पार्किंग के कारण कई बार लोगों को जान जोखिम में डालकर रास्ता पार करना पड़ता है। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन और यातायात विभाग इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं।

**निर्धारित पार्किंग जोन:-** मुख्य मार्ग से अलग, वाहन खड़े करने के लिए एक व्यवस्थित पार्किंग स्थल निर्धारित किया जाए।

**नियमित निगरानी:** यातायात पुलिस को नियमित गश्त और चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं।

**सीसीटीवी निगरानी:-** मुख्य मार्ग पर निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

**जनजागरूकता अभियान:-** वाहन चालकों को नियमों के प्रति जागरूक करने जन अभियान चलाया जाए।

**स्थाई समाधान हेतु नीति:-** नगर पालिका और ट्रैफिक विभाग संयुक्त बैठक कर स्थाई समाधान तैयार करें। खास बात यह है कि जब नगर में किसी वीआईपी का आगमन होता है, तब ही यातायात पुलिस सतर्क हो जाती है और मुख्य मार्ग से वाहनों को हटाने की तत्परता दिखाई देती है। अन्य दिनों में वही मार्ग फिर से दुर्घटनाओं का न्योता देने लगता है।

**मुख्य बिंदु÷** किरन्दुल के मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग बनी दुर्घटनाओं का कारण। बीटीओए कार्यालय से लेकर बस स्टैंड चौक और लोडिंग कांटा तक दोनों ओर खड़े रहते हैं वाहन। रोजमर्रा के यात्री व स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर करते हैं आवागमन।वीआईपी आगमन पर ही होती है प्रशासन की सक्रियता, अन्य दिनों में लापरवाही हावी। नागरिकों में बढ़ रहा है असंतोष, जल्द समाधान की कर रहे हैं मांग।इस समस्या को लेकर आम नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। नागरिकों ने समाचार पत्र के माध्यम से प्रशासन से मांग की।

### आकलन शिविर में दिव्यांग बच्चों की जांच की गई

**छुरिया, 6 अगस्त।** सामावेशी शिक्षा अंतर्गत विकासखंड स्तरीय विषेश आवश्यकता वाले बच्चों का आकलन शिविर सामुदायिक भवन छुरिया में आयोजित किया गया जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जी शामिल हुई।साथ ही इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय सिन्हा व जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यह शिविर के माध्यम से दिव्यांग बच्चों का चेकअप किया गया। जिसमें जो बच्चे सुन नहीं सकते उन्हे कान की मशीन व जो चल रहे सकते उन्हे व्हीलचेयर प्रदान किया गया। साथ ही इस अवसर पर पूर्व में पंजीकृत 60 छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के उपकरण का वितरण किया गया।

## जिले के सभी संकुलों में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन

**महासमुंद 6 अगस्त ।** स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी शालाओं में पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने और उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने तथा बच्चों में भविष्य की सम्भावनाओं का आंकलन कर पालकों के साथ समन्वय साधते हुए संयुक्त रूप से परिणाम उन्मुखी प्रयास करने हेतु बुधवार 06 अगस्त को जिले के सभी 184 संकुलों में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया है। पालक-शिक्षक बैठक में आज कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर एवं पचेड़ा में आयोजित संकुल स्तरीय पालक शिक्षक बैठक कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने पालक शिक्षक बैठक में शामिल होकर पालकों और बच्चों से संवाद कर उनके अनुभव जाने। इस अवसर पर उन्होंने शाला परिसर का अवलोकन भी किया।

कलेक्टर श्री लंगेह ने पालकों से चर्चा करते हुए कहा कि अपने बच्चों की गतिविधियों और पढ़ाई की स्तर को नियमित रूप से परखने के लिए उनसे चर्चा करते रहें। यह सुनिश्चित करें कि बच्चे स्कूल से आने के पश्चात होम वर्क अनिवार्य रूप से करें।

## रामलाल दर्शन यात्रा के लिए 876 यात्रियों को लेकर ट्रेन रवाना हुई



**राजनांदगांव, 6 अगस्त।** कोई भी ट्रेन राजनांदगांव से चालू नहीं होती है लेकिन इस बार विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह महापौर मधुसूदन यादव पर्यटन मंडल के अध्यक्ष प्रयासों से राजनांदगांव से अयोध्या के लिए ट्रेन चालू होकर अयोध्या के लिए रवाना हुई जो आगे वाराणसी जाकर विश्वनाथ के दर्शन भी करावेगी। आज 876 यात्री जा रहे हैं जिसमें कवर्धा खैरागढ़ राजनंदगांव मानपुर मोहला बालोद जिले के श्रद्धालु हैविधानसभा अध्यक्ष में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा अभी तक मुख्यमंत्री विष्णु देव के प्रयासों से राम लाला दर्शन यात्रा से कुल 21000 से अधिक लोगों को रामलाल के दर्शन कराए गए हैं सरकार की बड़ी उपलब्धि है जिन लोगों का सपना रहता है तीर्थ के दर्शन का वह दर्शन का सपना विष्णु देव वृद्ध जनों का पूरा कर रहे हैं।

पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने बताया यह राजनांदगांव के सौभाग्य की बात है कि ट्रेन राजनांदगांव से रवाना होगी ऐसा पहली बार हो रहा है कि राजनांदगांव से कोई ट्रेन बनकर अयोध्या जा रही है । राजनांदगांव से रवाना होने वाली ट्रेन में दुर्ग संभाग के 876 श्रद्धालु शामिल होंगे। राम भगवान के दर्शन के बाद यह ट्रेन ट्रेन काशी विश्वनाथ के भी दर्शन कराएगी

## विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों से विकास कार्यों की जानकारी ली



**राजनांदगांव,6 अगस्त।** राजनांदगांव के विधायक वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह एवम राजनांदगांव प्रभारी एवं गृहमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए राजनांदगांव में आज 3ः30 घंटा चली मैराथन समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष से स्थानीय नेता और नकलेक्टर सहित सभी अधिकारी मौजूद है विकास कार्य पर समीक्षा की गई एवं अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से विकास में तेजी कैसी लाई जाए इस पर चर्चा हुई गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा विकास कार्यो पर अधिकारियों से बात की गई। साथी साथ राजनांदगांव जिले के छुरिया ब्लाक में यूरिया खाद की कमी का उसका समाधान खोजा गया। और और यूरिया की काला बाजरी करने वाले के ऊपर छापे कार्यवाही चलती रहेगी और आगे जारी रहेगी भूपेश बघेल का क्रिश्चियन नन के विषय में बयान आया था की बजरंग दल के दबाव में क्रिश्चियन नंन के ऊपर कार्रवाई हुई उत्तर में विजय शर्मा ने कहा क्रिश्चियन नन की गिरफ्तारी के मामले में विजय शर्मा ने कहा

अभी नॉन गिरफ्तारी के विषय में कोई भी मंतव्य नहीं बनाया जाए कोर्ट फैसला करेगा क्या सही है क्या गलत है

समीक्षा बैठक के बाद रमन सिंह ने कहा राजनांदगांव में दो महीने बाद 1000 करोड़ के के विकास कार्य का भूमि पूजन मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री करेंगे उसके लिए अभी से सभी क्लीयरेंस और सभी बढ़ाओ को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं । नगर निगम क्षेत्र में एक 100 करोड़ का प्लांट का निर्माण किया जाएगा जो दूषित पानी को शुद्ध करेगा। आज 3ः30 घंटा मैराथन बैठक में विकास कार्यों पर और लगने वाले वित्त पर और विकास कार्यों की कार्य समय में पूरा हो जाए इस पर बात की गई । 15 साल मुख्यमंत्री रहने का अनुभव है मैं किसी भी अधिकारी को गलत रिपोर्ट पेश करने नहीं देंगे

एक नजर

## राशिद खान के नाम दर्ज हुआ एक और कीर्तिमान



**लंदन, 6 अगस्त।** इंग्लैंड में इन दिनों वहां का सबसे लोकप्रिय लीग द हंड्रेड के पांचवें सीजन का आयोजन किया जा रहा है। इस सीजन की शुरुआत लंदन स्पिरिट और ओवल इनविंसिबल्स के बीच खेले गए मुकाबले से हुई। इस मैच में इनविंसिबल्स के लिए अपने डेब्यू मैच में राशिद खान ने शानदार गेंदबाजी की और तीन विकेट अपने नाम किए। इन तीन विकेट के साथ वह टी-20 क्रिकेट में 650 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं।

टी-20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की बात करें तो वहां राशिद खान का नाम टॉप पर है। वह 482 मैचों में अब तक 651 विकेट ले चुके हैं। दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो का नाम है। ब्रावो ने 582 मैचों में 631 विकेट लिए हैं। उनके साथी खिलाड़ी सुनील नरेन इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 554 मैचों में 589 विकेट लिए हैं। चौथे नंबर पर 547 विकेट के साथ दक्षिण अफ्रीका के इमरान ताहिर और पांचवें नंबर पर 498 विकेट के साथ बांग्लादेश के शाकिब अल हसन का नाम है।

राशिद खान की बात करें तो आईपीएल 2025 के बाद यह उनका पहला मुकाबला था। आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस के लिए खेलने के बाद उन्होंने कुछ दिनों के लिए क्रिकेट से ब्रेक लिया।

# करियर की बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचे सिराज और कृष्णा

## बुमराह नंबर-1 पर कायम, बल्लेबाजों में जायसवाल टॉप-5 में

**दुबई, 6 अगस्त।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के आखिरी मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा अपने-अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। इस टेस्ट में सिराज ने 9 और कृष्णा ने 8 विकेट लिए थे।

सिराज 12 स्थान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंच गए। उनकी रेटिंग 674 अंक हो गई। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने 25 स्थान की उछाल के साथ 59वां स्थान हासिल किया, उनकी रेटिंग 368 अंक है। जसप्रीत बुमराह नंबर-1 टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। उनके 889 रेटिंग अंक हैं।

वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में यशस्वी जायसवाल टॉप-5 में पहुंच गए हैं। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में सिराज ने सभी पांच टेस्ट खेले और 23 विकेट के साथ सीरीज के टॉप विकेट टेकर रहे। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने तीन टेस्ट मैचों में 14 विकेट लिए। वे सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में पांचवें स्थान पर रहे।



**यशस्वी जायसवाल को तीन स्थान का फायदा**

बल्लेबाजी रैंकिंग में, भारत के यशस्वी जायसवाल ने आखिरी टेस्ट की दूसरी पारी में 164 गेंदों पर 118 रन बनाकर तीन स्थान की छलांग लगाई और ICC मेन्स टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में टॉप-5 में जगह बनाई। उनकी रेटिंग अब 792 अंक है। वहीं, इंग्लैंड के जो रूट और हैरी ब्रूक ने पहला और दूसरा स्थान बरकरार रखा। रूट ने दूसरी पारी में 152 गेंदों पर 105 रन और ब्रूक ने 98 गेंदों पर 111 रन बनाए।

**न्यूजीलैंड बैटर डेरिल मिचेल टॉप-10 में**

न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे के बीच हुई टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने चार स्थान की छलांग लगाकर टेस्ट बल्लेबाज रैंकिंग में टॉप-10 में जगह बनाई। उनके साथी मैट हेनरी ने तीन स्थान की उछाल के साथ गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल किया, उनकी रेटिंग 817 अंक है, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग है। हेनरी ने छोटे प्रारूपों के अपने फॉर्म को टेस्ट क्रिकेट में भी बरकरार रखा।

एटकिंसन और जोश टंग भी करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे

इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन का फायदा रैंकिंग में मिला। गस एटकिंसन और जोश टंग ने आठ-आठ विकेट लिए। एटकिंसन पहली बार टॉप-10 में शामिल हुए, जबकि टंग 14 स्थान की छलांग लगाकर 46वें स्थान पर पहुंच गए। दोनों ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की। द ओवल में 53 रन की पारी खेलने वाले भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ऑलराउंडर्स रैंकिंग के टॉप पर कायम हैं। उनके पास 405 रैंकिंग पॉइंट्स हैं। वहीं, इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स (295 अंक) के साथ तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। साउथ अफ्रीका के वियान मुल्डर और ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

# अब एशिया कप की होगी चुनौती

## गिल-यशस्वी के साथ ये खिलाड़ी भी दौड़ में शामिल

**नई दिल्ली, 6 अगस्त।** भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा पूरा हो गया है और खिलाड़ी स्वदेश लौट रहे हैं। शुभमन गिल की अगुआई में भारत ने इस दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम के सामने अब अगली चुनौती एशिया कप की होगी जहां वह खिताब के बचाव के लिए उतरेगी। एशिया कप की शुरुआत नौ सितंबर से होनी है और इस बार यह टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा।

चयनकर्ताओं के सामने एशिया कप के लिए टीम चुनने की चुनौती होगी। भारतीय टी20 टीम ने पिछले कुछ समय में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। माना जा रहा है कि अगस्त के तीसरे सप्ताह तक एशिया कप के लिए टीम घोषित हो जाएगी। इसके लिए यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और साई सुदर्शन टीम में जगह बनाने के दावेदारों में शामिल हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के हवाले से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने सभी विकल्प खुले रखे हैं। भारत अगर 28 सितंबर को होने वाले महाद्वीपीय टी20 टूर्नामेंट के फाइनल के लिए क्वालिफाई करता है तो वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज इसके एक हफ्ते से भी कम समय में शुरू होगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच दो अक्तूबर से



अहमदाबाद में खेला जाना है। यशस्वी आईपीएल के पिछले सीजन में शानदार फॉर्म में थे और उन्होंने 160 के स्ट्राइक रेट से 559 रन बनाए थे, जबकि गिल ने 15 मैचों में 155 से अधिक के स्ट्राइक से 650 रन बनाए थे। वहीं, गुजरात टाइटंस में गिल के ओपनिंग साझेदार साई सुदर्शन ने 156 के स्ट्राइक रेट से 759 रन बनाए थे और ऑरेंज कैप अपने नाम करने में सफल रहे थे।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, पांच हफ्ते का ब्रेक है और क्रिकेट नहीं होने के कारण संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन के बावजूद इन तीनों को टी20 टीम में जगह मिलनी चाहिए। एशिया कप में 21 दिनों में अगर कोई फाइनल तक खेलता है तो छह टी20 मैच होंगे और यह काम का अधिक बोझ नहीं है, लेकिन एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम को चुनने की अनुमति मिलने के बाद चयनकर्ता सभी विकल्पों पर सावधानी से विचार करेंगे।

# बैजबॉल : भारत के अलावा केवल एक ही टीम करा पाई है इंग्लैंड में सीरीज बराबर

**नई दिल्ली, 06 अगस्त।** इंग्लैंड में जब से बैजबॉल ऐरा शुरू हुआ है, उसके बाद इंग्लैंड से टक्कर लेना आसान नहीं है। कोई भी टीम इंग्लैंड से भिड़ने से पहले कई बार सोचती है और नए सिरे से रणनीति पर विचार करना होता है। बैजबॉल ऐरा में केवल दो ही टीमें ऐसी रही हैं, जो इंग्लैंड जाकर सीरीज को बराबर करने में सफल रही हैं। उसमें भारतीय टीम भी शामिल है।

दरअसल जब से इंग्लैंड टेस्ट टीम की कमान बेन स्टोक्स ने संभाली है और हेड केच की जिम्मेदारी ब्रेंडन मैकुलम के पास है, तभी से बैजबॉल एरा माना जाता है। इसके बाद इंग्लैंड की टीम टेस्ट में भी वनडे वाला ही रवैया अपनाती है, यानी तेजी से रन बनाने का फार्मूला। विदेशी दौरों की बात तो अलग है, लेकिन इस बैजबॉल एरा में इंग्लैंड की टीम अपने घर पर कोई भी टेस्ट सीरीज हारी नहीं है। केवल दो ही बार ऐसा हुआ है, जब सीरीज बराबरी पर खत्म हुई है।



बैजबॉल एरा में इंग्लैंड की टीम ने अपने घर पर आठ टेस्ट सीरीज अपने घर पर खेली हैं, इसमें से छह में तो उसने जीत दर्ज की है और दो सीरीज ड्रॉ रही हैं। कोई भी सीरीज हारी नहीं गई है। भारत और इंग्लैंड के बीच हाल ही में पांच मैचों की सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई है। इससे पहले इसी ऐरा में जब इंग्लैंड में एशेज सीरीज खेली गई तो पांच मैचों की वो सीरीज भी 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई थी। यानी ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत की ऐसी टीम है, जो इंग्लैंड में जाकर सीरीज को बराबर करने में सफल रही है। बाकी टीमें सीरीज हारकर ही वापस लौटी हैं।

साल 2021-22 में जब टीम इंडिया इंग्लैंड के दौरे पर गई ?थी, उस वक्त भी पांच मैचों की सीरीज खेली गई थी। जब सीरीज के चार मैच हुए थे, तब भारतीय टीम सीरीज में 2-1 से आगे थी, लेकिन आखिरी टेस्ट नहीं हो पाया और इसे टाल दिया गया। उस वक्त कप्तानी की जिम्मेदारी जो रूट के पास थी, लेकिन जब एक साल बाद बचा हुआ ये टेस्ट हुआ, तब कमान बेन स्टोक्स के पास आ चुकी थी।

# इंग्लैंड के कोच मैकुलम भी हुए भारतीय टीम के मुरीद

**लंदन, 6 अगस्त।** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने इस बात को स्वीकार किया है कि भारत द ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच को जीतने का हकदार था। भारत ने इंग्लैंड को आखिरी टेस्ट मैच में हराकर सीरीज 2-2 से बराबर कर दी थी। पांचवें दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन चाहिए थे, जबकि भारत को चार विकेट की जरूरत थी। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके जिससे भारत यह मुकाबला छह रन से जीतने में सफल रहा था।

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत 20 जून को लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच से हुई जहां भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। भारत ने बर्मिंघम में खेले गए अगले



टेस्ट मैच को जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर की। तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में खेला गया जहां भारत ने दमदार प्रदर्शन किया, लेकिन उसे अंतिम दिन करीबी हार का सामना करना पड़ा। इससे इंग्लैंड ने 2-1 की बढ़त बनाई। चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में हुआ जिसे भारत ने ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर की मदद से ड्रॉ कराया। पांचवां टेस्ट लंदन के ओवल मैदान पर होना था और भारत के लिए सीरीज ड्रॉ कराने का यह आखिरी मौका था। भारत ने इंग्लैंड के सामने 374 रनों का लक्ष्य रखा। इंग्लैंड की टीम जो रूट और हैरी ब्रूक के शतकों से लक्ष्य हासिल करने के करीब पहुंच गई थी। भारत ने मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की मदद से इंग्लैंड को लक्ष्य हासिल करने से रोका और इंग्लैंड के जबड़े से जीत छीन ली थी। मैकुलम ने कहा, इस टेस्ट में भारत जिस तरह से पिछड़ रहा था, मोहम्मद सिराज ने अपने पांचवें टेस्ट मैच के 30वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करके शेर जैसा दिल दिखाया। यह वाकई कमाल का प्रयास था। इस टेस्ट मैच में हम जीत की स्थिति में थे, मुझे लगता है कि वे जीत के हकदार थे। उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला। हमने सीरीज में उन पर अपना सब कुछ झोंक दिया। यह इस बात का प्रमाण था कि एक टीम के रूप में वे कितने दृढ़ हैं। हमें पता था कि जब वे इंग्लैंड में उतरेंगे तो यह एक बहुत ही कठिन चुनौती होगी और हमें मनचाहा परिणाम पाने के लिए बेहतरीन क्रिकेट खेलना होगा।

## व्यापार

# टैरिफ वॉर में काम आएंगे भारत के 5 हथियार

## अमेरिका के सामने भी खड़ी होगी मुश्किल

**नई दिल्ली 6 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और आर्थिक मामलों के जानकार गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि अमेरिका हमारा बड़ा व्यापारिक साझीदार है। ऐसे में अचानक टैरिफबढ़ने से हमें फौरी तौर पर कुछ नुकसान अवश्य उठाना पड़ सकता है, लेकिन केंद्र सरकार इससे होने वाले नुकसान से भारत के व्यापारियों, किसानों और उत्पादकों को बचाने के लिए कई अहम प्रयास कर रही है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि 24 घंटों के अंदर भारत पर टैरिफ लागू कर दिया जाएगा। यह कितना हो सकता है, इस पर अटकलें जारी हैं। लेकिन यदि ट्रंप इसे लागू करते हैं तो इससे भारत के कृषि, वस्त्र, हथकरघा और फार्मास्युटिकल्स जैसे अहम क्षेत्रों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। इन क्षेत्रों का निर्यात प्रभावित होने से इन उद्योगों में मंदी या नौकरियों का संकट बढ़ सकता है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि भारत के हाथ पूरी तरह से खाली हैं। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत के पास इस स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त तंत्र मौजूद हैं।



टैरिफ वॉर शुरुआती दौर में भारत के लिए झटका साबित हो सकते हैं, लेकिन लंबे दौर में यह भारत को ज्यादा व्यापक आर्थिक मजबूती हासिल करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और आर्थिक मामलों के जानकार गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने अमर उजाला से कहा कि अमेरिका हमारा बड़ा व्यापारिक साझीदार है। ऐसे में अचानक टैरिफबढ़ने से हमें फौरी तौर पर कुछ नुकसान अवश्य उठाना पड़ सकता है, लेकिन केंद्र सरकार इससे होने वाले नुकसान से भारत के व्यापारियों, किसानों और उत्पादकों को बचाने के लिए कई अहम प्रयास कर रही है। इन प्रयासों से हम न केवल अपने हितों की रक्षा कर सकेंगे, बल्कि आने वाले दिनों में भारत की अर्थव्यवस्था को ज्यादा सुदृढ़ करने के उपाय भी खोज सकेंगे।

**1. 20 हजार करोड़ का स्पेशल फंड**

गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि भारत 5 विशेष कदम उठाकर अपने नागरिकों के हितों की रक्षा करने की ओर आगे बढ़ रहा है। सबसे पहला उपाय तो यह है कि केंद्र सरकार 20 हजार करोड़ का एक विशेष फंड बनाने पर विचार कर रही है। इससे हमें अपने व्यापारियों-उत्पादकों को टैरिफ वॉर के तुरंत नुकसान से बचाने में मदद मिलेगी।

**2. उत्पादन कीमतों को कम करने पर जोर**

टैरिफका सीधा असर भारतीय उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी के रूप में सामने आ सकता है। भारतीय उत्पाद महंगे होने से उपभोक्ता इसे खरीदने में कटौती कर सकते हैं, या इसके स्थान पर दूसरे देशों के उत्पादों को खरीद सकते हैं।

**3. दूसरे बाजारों की तलाश**

भारतीय निर्यात सेक्टर सबसे अधिक चीन और अमेरिका पर निर्भर है। यही कारण है कि जब-जब इन देशों से तनाव होता है तो भारत के सामने प्रमुख वस्तुओं की उपलब्धता पर संकट आ जाता है। चीन ने कुछ वस्तुओं के निर्यात को अपनी रणनीतिक पॉलिसी की तरह इस्तेमाल किया है।

**4. आंतरिक व्यापार को मजबूत बनाना**

गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था आंतरिक व्यापार पर बहुत अधिक निर्भर है। हमारे पास अपना ही 140 करोड़ का बाजार है। सच्चाई यह भी है कि कई अहम सेक्टरों में हम अपने घरेलू मांग को ही नहीं पूरा कर पा रहे हैं।

**5. टैरिफ अंतिम निर्णय नहीं**

दो देशों के बीच संबंध आपसी लेनदेन पर निर्भर होते हैं। कोई भी देश अपने नागरिकों के हितों को पूरा करने के लिए स्वतंत्र होता है। ऐसे में यदि ट्रंप टैरिफ बढ़ाते हैं तो इससे अमेरिका की अपनी घरेलू राजनीति और अर्थव्यवस्था गड़बड़ा सकती है।

# काइनेटिक वाट्स एंड वोल्ट्स ने आइकॉनिक डीएक्स ईवी लॉन्च के साथ की दोपहिया वाहन बाजार में वापसी

**नई दिल्ली, 6 अगस्त।** काइनेटिक इंजीनियरिंग लिमिटेड (केईएल) ने अपनी डेडिकेटेड ईवी मैन्युफैक्चरिंग सहायक कंपनी काइनेटिक वाट्स एंड वोल्ट्स लिमिटेड (केडब्ल्यूवी) के माध्यम से भारत में निर्मित मॉडल रेंज, ऑल-न्यू काइनेटिक डीएक्स ईवी के लॉन्च के साथ दोपहिया वाहन बाजार में अपनी वापसी की घोषणा की है। अपने इनोवेशन, व्यावहारिकता और आइकॉनिक सिलहूट के लिए पीढ़ियों से प्रशंसित, डीएक्स एक एडवांस इलेक्ट्रिक स्कूटर के रूप में वापसी कर रहा है, जो आधुनिक तकनीक के साथ टाइमलेस डिज़ाइन का मिश्रण है, जो डीएक्स की स्पिरिट के अनुरूप है। इसे इतालवी डिज़ाइनरों के साथ मिलकर आकर्षक ढंग से डिजाइन किया गया है ताकि स्कूटर के ओरिजिनल डीएनए को शामिल किया जा सके, जिससे यह एक सच्चा पारिवारिक वाहन बन जाता है। ऑल-न्यू काइनेटिक डीएक्स ईवी अपनी जड़ों से जुड़ी , जिसमें मजबूत मेटल बॉडी और भरपूर जगह वाला फ्लोरबोर्ड है। इसमें अपनी श्रेणी का सबसे बड़ा 37-लीटर अंडर-सीट स्टोरेज भी है, जो नीचे दिए गए अतिरिक्त क्यूबी सेक्शन की वजह से एक फुल और एक हाफहेलमेट के साथ-साथ कुछ रोजमर्रा की जरूरतों का सामान रखने के लिए पर्याप्त है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ०ग०)**

फोन 07721-233326, Email- npalika_tilda@yahoo.in

क्रमांक /501/लो.नि.वि./न.पा./2025-26 | तिल्दा-नेवरा, दिनांक 05.08.2025

**रूचि की अभिव्यक्ति**

नगर पालिका तिल्दा-नेवरा क्षेत्रान्तर्गत निकाय द्वारा जारी किये गये भवन अनुज्ञा अनुमति प्रमाण पत्र व्यक्तियों के यहां रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से रूचि की अभिव्यक्ति दिनांक 22.08.2025 को सायं 5.30 बजे तक स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है कार्य का विस्तृत विवरण एवं नियम तथा शर्ते अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय से रूपये 750.00 का भुगतान कर रूचि की अभिव्यक्ति की अंतिम तिथि के एक दिवस पूर्व तक प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् तिल्दा-नेवरा


# कार्डियक अरेस्ट के दौरान डॉ. सुनील गौनियाल ने की आपातकालीन एंजियोप्लास्टी

**रायपुर, 6 अगस्त।** एक असाधारण चिकित्सा कौशल और टीमवर्क का परिचय देते हुए, एमएमआई नारायणा अस्पताल, रायपुर के सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ सुनील गौनियाल एवं उनकी टीम ने 48 वर्षीय महिला की जान बचाई, जो हार्ट अटैक के बाद अचानक कार्डियक अरेस्ट का शिकार हो गई थीं। यह एक अत्यंत दुर्लभ और उच्च जोखिम वाली स्थिति थी, जिसमें त्वरित निर्णय और उन्नत हृदय चिकित्सा की आवश्यकता थी। महिला को किसी भी पूर्व जोखिम कारक के बिना एक घंटे से सीने में दर्द की शिकायत के साथ आपातकालीन विभाग में लाया गया था। प्रारंभिक जांच में तीव्र हार्ट अटैक की पुष्टि हुई। हालांकि, उपचार शुरू होने से पहले ही उन्हें कार्डियक अरेस्ट हो गया – एक गंभीर स्थिति जिसमें दिल की धड़कन बंद हो जाती है और शरीर में रक्त प्रवाह रुक जाता है। अस्पताल में डॉ सुनील गौनियाल एवं उनकी टीम ने तुरंत कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन शुरू किया, जिसमें निरंतर छाती पर दबाव और कई बार इलेक्ट्रिक शॉक देना शामिल था। 30 मिनट तक लगातार प्रयासों के बावजूद महिला की धड़कन वापस नहीं आई। ऐसे में एक साहसी और दुर्लभ निर्णय लेते हुए, डॉ सुनील गौनियाल एवं टीम ने रोगी को कैथ लैब में ले जाकर आपातकालीन एंजियोप्लास्टी करने का निर्णय लिया – CPR जारी रहते हुए। जब दिल धड़क नहीं रहा हो और छाती पर दबाव लगातार दिया जा रहा हो, ऐसे में एंजियोप्लास्टी करना अत्यंत जटिल और जोखिम भरा होता है, जिसमें अत्यधिक समन्वय(तालमेल) और तीव्र क्रियान्वयन की आवश्यकता होती है।

# रेपो रेट स्थिर, नहीं बदलेगी ईएमआई : आरबीआई

**नई दिल्ली, 6 अगस्त।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति के फैसलों का ऐलान किया। एमपीसी की बैठक 04 अगस्त 2025 को शुरू हुई थी। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने बताया कि इस बार समिति ने सर्वसम्मति से रेपो रेट को स्थिर रखने का फैसला किया है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने लगातार तीन बार ब्याज दरों में कटौती के बाद, बुधवार को इसे 5.5 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला किया। केंद्रीय बैंक ने टैरिफ से अनिश्चितताओं जुड़ी चिंताओं के बीच अपना तटस्थ रुख भी बरकरार रखा। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इसका एलान किया। उन्होंने आगे कहा कि मौद्रिक नीति समिति



(एमपीसी) ने सर्वसम्मति से अल्पकालिक उधार दर या रेपो दर को तटस्थ रुख के साथ 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया है।

चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 के लिए विकास दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। तिमाही अनुमानों का विश्लेषण करते हुए, आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही के लिए 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही के लिए 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही के लिए 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। अगले वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के लिए 6.6 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि विकास परिदृश्य के लिए जोखिम समान रूप से संतुलित हैं। एमपीसी के फैसलों के बारे में बताते हुए गवर्नर मल्होना ने चालू वित्त वर्ष के लिए महंगाई अनुमान को 3.7 प्रतिशत से घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया। फरवरी 2025 से, आरबीआई नीतिगत दरों में 100 आधार अंकों की कटौती कर चुका है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/ 1428/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा नेवरा दिनांक 04/08/25

**// ईश्तहार-सूचना //**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री **बलराम सिंह राजपूत** पिता श्री **नारद सिंह राजपूत** वार्ड कं. 01 तिल्दा-नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्रीमती **गौरी बाई** पति **द्वारका प्रसाद राजपूत शंकर वार्ड क्रं.** 01 तिल्दा नेवरा निवासी का मलमा बिक्री इकरारनामा निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भवन डिमांड क्र. 24/01 भूमि मिशन वार्ड नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार / विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 04/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा नेवरा



**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/ 1426/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा नेवरा दिनांक 04/08/25

**// ईश्तहार-सूचना //**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती **सुचित्रा देवांगन** पति श्री **सूर्यकांत देवांगन** वार्ड कं. 21 तिल्दा-नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्री **रमाकांत देवांगन पिता श्री दुखवा देवांगन** मिशन वार्ड कं. 21 तिल्दा नेवरा निवासी का सहमति पत्र निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. 153/21 भूमि मिशन वार्ड नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार / विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 04/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा नेवरा



**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक/ 1430/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा नेवरा दिनांक 04/08/25

**// ईश्तहार-सूचना //**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती **सुचित्रा देवांगन** पति श्री **सूर्यकांत देवांगन** वार्ड कं. 21 तिल्दा-नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्रीमती **फूलबाई देवांगन** पति श्री **रमाकांत देवांगन** मिशन वार्ड कं. 21 तिल्दा नेवरा निवासी का सहमति पत्र निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्र. 154/21 भूमि मिशन वार्ड नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार / विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 04.108/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
तिल्दा नेवरा

## एक नजर

### शेयर मार्केट में मुनाफा का झांसा देकर 60 लाख की ठगी

**रायपुर, 06 अगस्त।** इंस्टाग्राम के मित्र ने अधेड़ को शेयर मार्केट में मुनाफा कमाने का झांसा देकर 60 लाख से अधिक की ठगी कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शशिकांत वर्मा 52 वर्ष सेक्टर 2 देवेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी का इंस्टाग्राम के माध्यम से आरोपी सौजन्या गिल ने प्रार्थी को अपने आप को कोआडिनेटर जैयनम कंपनी का कर्मचारी बताया और शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने पर अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर प्रार्थी से अलग-अलग किस्त में 60 लाख 35 हजार रुपए ऐंठ लिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कार की टक्कर से युवक की मौत

**रायपुर, 06 अगस्त ।** कान्हा ढाबा रिंग रोड नंबर 2 के पास एक तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में कबीरनगर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसाार मृतक जैल सिंह 35 वर्ष खुर्शीपार भिलाई का रहने वाला था। बताया जाता है कि जैल सिंह पैदल कहीं जा रहा था, तभी रिंग रोड नंबर 2 स्थित कान्हा ढाबा के पास कार क्रमांक सीजी 04 पीआर 8818 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जैल सिंह को टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में कबीरनगर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 06 अगस्त।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में बाजार चौक गोगांव निवासी जीतेन्द्र कुमार ध्रुव 43 वर्ष ने उरला थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमएक्स 7908 को बुधवारी बाजार उरला के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम फरफौद निवासी आकाश ढीढी 21 वर्ष ने गुढ़ियारी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीयू 6865 को रामनगर ओव्हर ब्रीज के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

### स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा विभाग ने मारा छापा

# राजधानी में नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 6 अगस्त।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नकली पनीर बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है. यहां सस्ता और घटिया क्वालिटी का पाम ऑयल, फैट के डल्ले, और दूध पाउडर से नकली पनीर तैयार किया जा रहा था. यह फैक्ट्री शंकर नगर क्षेत्र में नाले के ऊपर चल रही थी. स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापा मारकर बड़ी मात्रा में नकली पनीर, कच्चा माल, थर्माकोल डिब्बे और पैकिंग सामग्री जब्त किया है.

जानकारी के मुताबिक, रामानंद बाघ नामक व्यक्ति ने एनालॉग उत्पाद बनाने का लाइसेंस ले रखा था. जो मुनाफे के लिए पाम ऑयल, फैट के डल्ले, और दूध पाउडर का उपयोग कर नकली पनीर तैयार करता था. यहां नियमों को भी अनदेखा किया जा रहा था. अस्वच्छ तरीके से स्टोर कर के पॉलीथिन में पैक कर के राजधानी के कई होटलों, ढाबों और ओडिशा तक भेजा जा रहा था. इसे बनाने में 180 रुपए की लागत आती थी, जिसे वह 250 रुपए में मार्केट में बेच देता था. फैक्ट्री संचालक रामानंद ने बताया कि 180 रुपए में एक किलो माल तैयार हो जाता है, जिसे वह होटल संचालकों और सप्लायर्स तक 240 से 250 रुपये प्रति किलो तक के दाम तक पहुंचाता है.

स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने नकली पनीर की फैक्ट्री में छापा मरकर बड़ी मात्रा में नकली पनीर, कच्चा माल, थर्माकोल डिब्बे और पैकिंग सामग्री जब्त किया। अधिकारियों ने कई सैंपल कलेक्ट किए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेज दिया गया है. रिपोर्ट आने के बाद संबंधित धाराओं में कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संचालक से लाइसेंस व अन्य दस्तावेज भी मांगे गए हैं, जिसकी प्रारंभिक जांच में भारी अनियमितताएं पाई गई है.

## निगम के अपर आयुक्त राजेंद्र गुप्ता को मुंगेली स्थानांतरण किये जाने पर दी गई विदाई




**रायपुर, 06 अगस्त।** नगर निगम में अपर आयुक्त राजेंद्र गुप्ता अगले माह सितंबर को अवकाश ग्रहण करने जा रहे है। इसके बावजूद उन्हें मुंगेली में अपर कलेक्टर बना दिया गया है। अवकाश ग्रहण करने जा रहे अधिकारी की नवीन पदस्थापना को लेकर तरह तरह की चर्चा व्याप्त है। लेकिन नगर निगम ने उन्हें एक कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दे दी है। नगर निगम प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार राज्य सेवा के अधिकारी राजेन्द्र गुप्ता पिछले कई वर्षों से यहां पर कार्यरत थे। सामान्य प्रशासन के नियमानुसार अवकाश ग्रहण करने के छह माह पहले किसी को मूल पद से नहीं हटाया जाता लेकिन नगर निगम में वे प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत थे। इसलिए उन्हें अब सामान्य प्रशासन ने सेवाएं लौटा दी गई है। नगर पालिक निगम से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के चतुर्थ तल निगम सामान्य सभा सभागार में आयोजन रखकर रायपुर नगर निगम के अपर आयुक्त राजेन्द्र गुप्ता के छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मुंगेली जिला अपर कलेक्टर पदस्थ किये जाने पर उनके द्वारा नगर निगम को 27 फरवरी 2024 से आज तक दी गई सेवाओं को सराहते हुए नगर निगम की महापौर मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकांत राठौड, आयुक्त विश्वदीप ने अपर आयुक्त सर्वश्री यूएस अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता यूके घलेन्द्र सहित अधीक्षण अभियंता संजय बागडे, कार्यपालन अभियंताओं, जोन कमिश्नरो, निगम अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में नगर निगम रायपुर के सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से श्रीफल शॉल स्मृति चिन्ह प्रदत्त कर सम्मानित किया। वहीं नगर निगम रायपुर में परिचालक के पद पर निरंतर सेवाएं देकर सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री वृंदावन पटेल निगम को दी सेवाओं हेतु श्रीफल शॉल स्मृति चिन्ह प्रदत्त कर महापौर, सभापति, आयुक्त द्वारा मंच पर सम्मानित किये गये।

## सफाई कार्य की समीक्षा बैठक में महापौर ने दिए आवश्यक निर्देश

### समस्त घरों से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन प्राथमिकता से सुनिश्चित करने कहा




**रायपुर, 06 अगस्त।** रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर पालिक निगम अपर आयुक्त स्वास्थ्य श्री विनोद पाण्डेय नगर निगम के जोन कार्यालयों में जाकर जोन कमिश्नरों, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता श्री रघुमणि प्रधान, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षकों, वार्ड सफाई सुपरवाइजरों, रामकी कम्पनी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जोन क्षेत्र अंतर्गत वार्डों के सफाई कार्य की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश जोन कमिश्नरों और जोन स्वास्थ्य अधिकारियों, रामकी कम्पनी के प्रतिनिधियों को दे रहे हैं।

नगर निगम अपर आयुक्त स्वास्थ्य श्री विनोद पाण्डेय ने जोन क्रमांक 9 कार्यालय में जोन 9 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय और स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता श्री रघुमणि प्रधान की उपस्थिति में बैठक लेकर वार्डों के अनुबंधित सफाई ठेकेदारों के कार्यों, सफाई ठेका कामगारों की वार्डवार निर्धारित संख्या, दैनिक उपस्थिति की जानकारी लेकर प्रतिदिन शत- प्रतिशत संख्या में सफाई ठेका कामगारों की कार्य पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

यहां यह उल्लेखनीय है कि महापौर, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष, आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम अपर आयुक्त स्वास्थ्य ने विगत दिवस हाल ही में नगर निगम के जोन क्रमांक 1,2,3,4,5,6,7 के कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग की सफाई सम्बंधित समस्त कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक लेकर सम्बंधित जोन कमिश्नरो और जोन स्वास्थ्य अधिकारियों सहित जोन के सम्पूर्ण स्वच्छता अमले को आवश्यक निर्देश दिए हैं.

सफाई कार्य समीक्षा करते हुए अपर आयुक्त स्वास्थ्य श्री विनोद पाण्डेय ने निर्देश दिए हैं कि रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में कहीं पर भी कोई मुक्कड़ नहीं दिखना चाहिए. रायपुर शहर गार्बेज फ्री सिटी में छत्तीसगढ़ राज्य का पहला 7 स्टार शहर है. अपर आयुक्त स्वास्थ्य ने रामकी कम्पनी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए हैं कि रायपुर नगर पालिक निगम के तहत समस्त 10 जोनों के तहत सभी 70 वार्डों के क्षेत्रों के अंतर्गत समस्त घरों से प्रतिदिन नियमित शत - प्रतिशत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाये. अपर आयुक्त स्वास्थ्य ने निर्देश दिए हैं कि रामकी कम्पनी के सफाई सुपरवाइजर प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की मॉनिटरिंग करके सभी घरों से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जाना सुनिश्चित करें।

## बूथ लेबल के चुनाव के बाद होंगे ब्लॉक लेबल के पदाधिकारियों के चुनाव : बैज

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 06 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि प्रदेश में संगठन को नये सिरे से मजबूत किया जाएगा। इसके लिए मंडल स्तर पर चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। रायपुर जिले में पहले बुथ लेबल के स्तर पर पदाधिकारियों का चयन निर्वाचन होगा। उसके बाद ब्लाक लेबल पर चुनाव होंगे। इसके बाद जिला अध्यक्षों का चुनाव होगा। प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार रायपुर जिले के अभनपुर आरंग धरसींवा बीरगांव तिल्दा खरोरा में मंडलों के कांग्रेसजनों में भारी उत्साह है। लगातार बैठकें चल रही है।

बैज ने बताया कि मंडल कमेटी संगठन सृजन में भारी उत्साह। मंडल अध्यक्ष हेतु 4,5 लोगो ने जता रहे अध्यक्ष बनने इच्छा अखिल भारती कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेस कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में सभी ब्लॉकों में मंडल स्तर पर प्रभारी की उपस्थिति में सभी क्षेत्र के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में लगातार बैठकों का दौर चल रहा है सभी मंडलों में कांग्रेसजनों में भारी उत्साह से बनने की इच्छा जाहिर कर रहे है एक एक जगह 4से5लोग अध्यक्ष बनने उत्साहित है जिले के सभी ब्लॉकों में अभनपुर,आरंग,धरसीवा,बीरगांव,तिल्दा खरोरा में बैठके लिया जा रहा है जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने जानकारी दिए कि प्रदेश प्रभारियों की उपस्थिति में बैठक लगातार जारी है उधोराम वर्मा बीरगांव ब्लॉक के सरोरा,उरला,अछोली मंडल एवं धरसीवां ब्लॉक के गुमा साकरा एवं धरसीवां मंडल में सम्मिलित होकर आवश्यक अखिल भारती कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश का पालन हेतु पिछड़ा वर्ग महिला एवं अल्पसंख्यक को 50 प्रतिनिधित्व तथा 50प्रतिशत 50वर्ष के नीचे आयु वर्ग को बनाने की बात कही।

### कांग्रेसजनों का धरना जारी

दीपक बैज ने बताया कि विद्युत दरों में वृद्धि की जाने के विरोध में जिला स्तर पर विरोध जारी है। प्रदेश स्तर पर कल से धरना प्रदर्शन किया जाएगा कांग्रेस नेता विकास उपाध्याय ने कहा कि यह आम जनता पर बोझ है। वहीं भूपेश बघेल ने भी रोष जताया है।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26